प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



इंतज़ार ख़त्म-सूबे का मिला नया स्थायी पुलिस महानिदेशक पेज- 2

सीएम युवा स्वरोजगार योजना में करें आवेदन पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 162 | बुधवार 03 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

## गोरखपुर के जनता दर्शन में योगी ने सुनी 200 लोगों की समस्या

(एजेंसी) गोरखपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को



गोरखपुर में जनता दर्शन में लोगों की फरियाद पर सुनवाई करने के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिया है कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचाया जाए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास, इलाज, बेटियों की शिक्षा और विवाह से लेकर निराश्रितों तथा बुजुर्गों की पेंशन तक, सरकार की अनेक योजनाएं समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए संचालित हैं और सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को इलाज के लिए हरसंभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को भेजते हुए निर्देश दिया कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक ढंग से किया जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग लेकर भी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंद मरीजों के उच्चस्तरीय उपचार का अनुमानित व्यय (एस्टीमेट) शीघ्र तैयार कर उपलब्ध कराया जाए। बयान के अनुसार, जनता दर्शन में जौनपुर से आई एक महिला ने एक गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ) पर फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की जिस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जमीन पर अवैध कब्जे से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि यदि कोई दबंग किसी की भूमि पर कब्जा करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## ममता का साथ छोड़ सकते हैं 50 विधायक

### -विधायकों के अलग गुट बनने के दावे से बंगाल की सियासत गरमाई

(एजेंसी) कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर संभावित टूट को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। पार्टी से निकाले गए नेता रिजू दत्ता ने दावा किया है कि 80 में से 50 से अधिक विधायक खुद को "असली तृणमूल कांग्रेस" के रूप में स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इससे राज्य की सियासी हलचल जरूर बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस संभावित समूह के विधायक विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात कर तीन प्रमुख मुद्दे उठाने की योजना बना रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, प्रस्तावित समूह का पहला दावा यह होगा कि उनके पास दो–तिहाई बहुमत है और लगभग 50 से अधिक विधायक उनके साथ हैं, इसलिए वे ही वास्तविक टीएमसी का प्रतिनिधित्व करते हैं। दूसरा मुद्दा विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद को लेकर होगा, जिसमें दावा किया जा रहा है कि यह जिम्मेदारी ऋतब्रत बनर्जी को दी जानी चाहिए, न कि मौजूदा नेता को। तीसरा और सबसे महत्वपूर्ण दावा पार्टी के चुनाव चिह्न को लेकर होगा,



जिसमें कहा जाएगा कि दो–तिहाई समर्थन के आधार पर चुनाव चिन्ह पर उनका अधिकार बनता है। हालांकि राजनीतिक नियमों के अनुसार, किसी भी गुट को आधिकारिक मान्यता मिलने के लिए कम से कम दो–तिहाई यानी 54 विधायकों का समर्थन आवश्यक होता है। मौजूदा दावों में यह संख्या स्पष्ट रूप से एक निर्णायक बिंदु बनी हुई है। यह भी उल्लेखनीय है कि टूट का दावा करने वाले रिजू दत्ता खुद विधायक नहीं हैं। ऐसे में उनके दावों की सत्यता और राजनीतिक आधार पर सवाल भी उठ रहे हैं। बावजूद इसके, उनके बयान ने राज्य की राजनीति में नई अटकलों को जन्म दे दिया है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों और राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, तृणमूल कांग्रेस में हाल के दिनों में असंतोष की आवाजें बढ़ी हैं। कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच संगठनात्मक फैसलों और नेतृत्व शैली को लेकर असहमति की बात सामने आ रही है। कुछ नेताओं ने परोक्ष रूप से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, खासकर अभिषेक बनर्जी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। आरोपों में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और संगठन पर केंद्रीकृत नियंत्रण जैसे मुद्दे शामिल बताए जा रहे हैं। हालांकि पार्टी स्तर पर इन सभी आरोपों को पहले भी सिरे से खारिज किया जाता रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे अधिक चर्चा ऋतब्रत बनर्जी को लेकर हो रही है। बताया जा रहा है कि ज्डब से निकाले गए कुछ नेता अब उनके नेतृत्व में एक नया समूह बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा ने पार्टी के कुछ असंतुष्ट विधायकों से संपर्क साधा है और हाल ही में कई नेताओं से उनकी मुलाकात भी हुई है। इसके बाद यह अटकलें तेज हो गई हैं कि पार्टी के भीतर एक नया राजनीतिक धड़ा उभर सकता है। राजनीतिक गलियारों में इस संभावित टूट की तुलना महाराष्ट्र के घटनाक्रम से भी की जा रही है, जहां एक बड़ा गुट अलग होकर नई सत्ता संरचना का हिस्सा बन गया था। इसी संदर्भ में ऋतब्रत बनर्जी को लेकर "टीएमसी के शिंदे" जैसी चर्चाएं भी राजनीतिक बहस का हिस्सा बन गई हैं। हालांकि अभी तक यह पूरी तरह अटकलों और दावों पर आधारित स्थिति है और किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पश्चिम बंगाल में सत्ता और संगठन पर मजबूत पकड़ रखने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए यह स्थिति राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हाल के वर्षों में पार्टी के भीतर समय–समय पर असंतोष के संकेत सामने आते रहे हैं, लेकिन बड़े पैमाने पर टूट की स्थिति अभी तक नहीं बनी है। यदि मौजूदा दावे आगे बढ़ते हैं, तो यह टीएमसी के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक परीक्षा साबित हो सकती है।

## शनिमोल उस्मान को केरल विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया

(एजेंसी) तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता शनिमोल उस्मान मंगलवार को केरल विधानसभा की उपाध्यक्ष चुनी गईं। इसके साथ ही राज्य में इस पद पर आसीन होने वाली वह चौथी महिला बन गई हैं। अरूर से



विधायक उस्मान ने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के उम्मीदवार एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) विधायक मोहम्मद मुहसिन को। उस्मान को विधानसभा चुनाव में 99 वोट मिले, जबकि मुहसिन को 34 मतों से संतोष करना पड़ा। शनिमोल राज्य विधानसभा में पिछले 35 वर्षों में पहली महिला उपाध्यक्ष भी हैं। केरल में 140 सदस्यीय विधानसभा में 102 विधायकों के साथ कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को बहुमत प्राप्त है और उसने आसानी से उपाध्यक्ष का पद हासिल कर लिया। विधानसभा अध्यक्ष तिरुवनचूर राधाकृष्णन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन विधायकों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। अलप्पुझा की रहने वाली और वकील से नेता बनीं उस्मान कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने पार्टी में कई संगठनात्मक जिम्मेदारियां संभाली हैं। वह वर्षों से चुनावी राजनीति में सक्रिय हैं और वर्तमान में अरूर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में भी उस्मान ने अरूर सीट से जीत दर्ज की थी। परिणाम घोषित होने के बाद सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के सदस्यों ने उस्मान को बधाई दी।

## कुशीनगर का फाजिलनगर होगा अब पावागढ़

### -सीएम योगी ने किया नाम बदलने का ऐलान

(एजेंसी) कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुशीनगर जिले की फाजिलनगर, नगर पंचायत का नाम बदलकर पावा गढ़ करने का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, हमने इसके नामकरण का प्रस्ताव कर दिया है। फाजिलनगर अब पावागढ़ के रूप में पहचाना जाएगा। मंगलवार को तुमकही में आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम ने इसकी घोषणा की है। सीएम ने कहा कि, क्यों हम फाजिलनगर कहेंगे? इसका नाम भगवान महावीर के नाम पर होगा। हम इसे मान्यता देने जा रहे हैं। पावगाढ़ की परंपरा और संस्कृति से जुड़कर देश–दुनिया आपके पास आएगी। अपनी विरासत पर गर्व करना हर नागरिक का दायित्व है। सनद रहे कि सीएम ने दूसरी बार फाजिलनगर का नाम बदलने की घोषणा की है। पिछले साल नंबर में गाजियाबाद में आयोजित एक जनसभा में उन्होंने यही बात कही थी। पूर्वी यूपी का कुशीनगर जनपद धार्मिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। भगवान महावीर और महात्मा बुद्ध का यहां से गहरा संबंध रहा है। कुशीनगर महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली है। ऐसी मान्यता है कि भगवान महावीर ने पावा–जो आज फाजिलनगर है–वहां अंतिम उपदेश दिए थे। शायद यही कारण है कि यहां की सांस्कृति विरासत को संरक्षित करने की मांग अक्सर उठती रही है। सीएम ने जनसभा को संबोधित करते हुए कानून



व्यवस्था पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि, हमने यूपी से माफिया और मच्छर दोनों को समाप्त किया है। मच्छर बीमारियां लाते हैं और माफिया बेरोजगारी। बीमारी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान हो गया। यूपी में आज जब नौकरियां निकलती हैं तो उसमें कुशीनगर के युवाओं को भी नियुक्ति पत्र मिलते हैं। कुशीनगर में सीएम ने करीब 424 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। इस दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण और विकास को लेकर अपनी बात रखी। विपक्षी दलों को निशाने पर लिया। सीएम ने कहा कि, पहले तुमकही को लेकर अक्सर मजाकिया बातें होती थीं। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। विधायक–सांसद मेहनत कर रहे हैं। आपकी मांगें पूरी की जा रही हैं। विकास के रूप में उसका परिणाम नजर आ रहा है। आज मैं यहां विशेष रूप से आया हूं। दूसरी विधानसभाओं के लिए अलग से कार्यक्रम बनाएंगे। सातों विधानसभाओं के कार्यक्रम तय होंगे। आज ये कार्यक्रम केवल दो विधानसभाओं के हैं।

## ट्विशा शर्मा की मौत पर न्यायिक कार्रवाई तेज, सीबीआई रिमांड खत्म होते ही जेल भेजे गए पति समर्थ सिंह और सास

(एजेंसी) भोपाल। भोपाल की एक अदालत ने पूर्व मॉडल ट्विशा शर्मा के पति समर्थ सिंह और उसकी सास गिरिबाला सिंह को दहेज उत्पीड़न के आरोप में सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) की हिरासत की अवधि पूरी होने के बाद मंगलवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ट्विशा का शव 12 मई को भोपाल स्थित उसके ससुराल में फंदे से लटका मिला था। ट्विशा के परिवार के वकील अंकुर पांडे ने बताया कि सीबीआई



ने रिमांड अवधि पूरी होने के बाद समर्थ सिंह और उसकी मां एवं सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश गिरिबाला को शोभना भलावे की अदालत में पेश किया जिसने दोनों को 16 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इससे एक दिन पहले सोमवार को सीबीआई ने ट्विशा शर्मा की मौत की जांच के सिलसिले में डमी का इस्तेमाल करके उनके ससुराल स्थित घर में अपराध के सीन का रीक्रिएशन किया एवं कथित आत्महत्या की परिस्थितियों का अवलोकन किया था। अधिकारियों ने कहा था कि फोरेंसिक और अपराध स्थल विशेषज्ञों के साथ सीबीआई समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह को घटनास्थल लेकर पहुंची और उनसे 12 मई की रात की घटना का विस्तृत ब्योरा देने को कहा।

## डीके शिवकुमार आज लेंगे सीएम पद की शपथ, मंत्रिमंडल गठन को लेकर कांग्रेस नेतृत्व के साथ की चर्चा

(एजेंसी) नई दिल्ली। कर्नाटक के भावी मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने राज्य के अगले



मंत्रिमंडल को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ चर्चा की। शिवकुमार और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया सोमवार दोपहर दिल्ली पहुंचे थे। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष शिवकुमार तीन जून को शाम चार बजकर पांच मिनट पर लोक भवन परिसर में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस नेतृत्व के कहने पर सिद्धरमैया के इस्तीफा देने के बाद वह इस जिम्मेदारी को संभालने जा रहे हैं। शिवकुमार के साथ कुछ विधायक भी मंत्री पद की शपथ लेंगे। शिवकुमार को शनिवार को औपचारिक रूप से कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सहित मंत्रिपरिषद में अधिकतम 34 मंत्रियों को शामिल किए जाने का प्रावधान है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मंत्री पद के दावेदारों की लंबी कतार और उपलब्ध पदों की सीमित संख्या के बीच शिवकुमार के सामने संतुलन साधने की बड़ी चुनौती है। उन्हें हर कदम बेहद सावधानी से उठाना होगा, क्योंकि मंत्रिमंडल में जगह नहीं पाने वाले नेताओं की नाराजगी बड़े स्तर पर असंतोष का रूप ले सकती है। सूत्रों के मुताबिक, नए मंत्रिमंडल में पुराने और नए चेहरों का मिश्रण देखने को मिल सकता है। जातीय समीकरण, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सिद्धरमैया समर्थक नेताओं को ध्यान में रखते हुए संतुलन बनाने की कोशिश की जाएगी। यह भी चर्चा है कि कई उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं और सिद्धरमैया मंत्रिमंडल के कुछ सदस्यों को नए मंत्रिमंडल से बाहर किया जा सकता है। रविवार को शिवकुमार से मुलाकात के बाद सिद्धरमैया के पुत्र और कांग्रेस के विधान परिषद (एमएलसी) सदस्य यतींद्र सिद्धरमैया ने कहा था कि उन्हें अगले मंत्रिमंडल में जगह मिलने की पूरी उम्मीद है। उन्होंने दावा किया था कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें मंत्री पद देने का आश्वासन भी दिया है। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के नए अध्यक्ष को लेकर भी चर्चा जारी है। यह पद फिलहाल शिवकुमार के पास है। वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री सतीश जारकीहोली इस दौड़ में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। वह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद के साथ–साथ मंत्री पद भी चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि 18 जून को होने वाले राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों के बारे में भी इन बैठकों में चर्चा हुई है। विधानसभा में मौजूदा संख्या बल के आधार पर कांग्रेस राज्यसभा की चार में से तीन और विधान परिषद की सात में से पांच सीट जीतने की स्थिति में है।

## अपने गृह जनपद आगरा पहुंचे ईसी ज्ञानेश कुमार, महादेव के दर्शन कर देश के मतदाताओं को दिया जरूरी संदेश

(एजेंसी) आगरा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को सभी पात्र नागरिकों से खुद को मतदाता



के रूप में पंजीकृत कराने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिये कहा। अधिकारियों ने बताया कि परिवार के साथ आगरा आये कुमार ने सुबह के समय तीन मंदिरों में पूजा–अर्चना की। उन्होंने बताया कि वह सुबह करीब छह बजे सबसे पहले सिकंदरा इलाके में स्थित प्राचीन कैलाश मंदिर गए, जहां उन्होंने पत्नी और माता–पिता के साथ पूजा–अर्चना की। बाद में उन्होंने सुबह लगभग आठ बजे विजय नगर में राधा रानी मंदिर गये और उसके बाद रावतपारा में मनकामेश्वर मंदिर में पूजा एवं अर्चना की, जहां उन्होंने लगभग एक घंटा बिताया। पत्रकारों से बात करते हुए, कुमार ने कहा कि पांच राज्यों में चुनावों के सफल संचालन के बाद, वह भगवान शिव का आशीर्वाद लेने और अपने माता–पिता का आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने कहा, पांच राज्यों में सफल चुनावों के बाद, मैंने अपने माता–पिता का आशीर्वाद लिया और फिर महादेव का आशीर्वाद लेने के लिए अपने परिवार के साथ कैलाश मंदिर गये। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने देश भर के नागरिकों से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो। कुमार ने कहा, मैं भारत के सभी मतदाताओं से कहना चाहता हूं कि वे खुद को मतदाता के रूप में पंजीकृत कराएं। चुनावों में निश्चित रूप से उन्हें मताधिकार का इस्तेमाल करना चाहिए और भारत की चुनावी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। कुमार अपने गृहनगर आगरा के दो दिवसीय निजी दौरे पर हैं।

# सम्पादकीय

## पंजाब कांग्रेस में बदलाव के संकेत

2022 में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए केवल सिंह ढिल्लों को पार्टी ने पंजाब प्रदेश का नया अध्यक्ष बनाया है। मैं नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि ढिल्लों इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले जाट सिख हैं। वो 76 साल के सुनील जाखड़ की जगह लेंगे। जिनका तीन साल का कार्यकाल जुलाई में समाप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री भगवंत मान की तरह, पंजाब के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में स्थित संगरूर इलाका ढिल्लों का भी गृह क्षेत्र है।



नफीस जाफरी

अपनी नियुक्ति के बाद ढिल्लों ने कहा, पंजाब में भाजपा की सरकार बनने के बाद, हम इसे हर क्षेत्र में नंबर एक राज्य बनाएंगे। पश्चिम बंगाल के बाद, अब पंजाब में भी कमल खिलेगा। दरअसल पंजाब में भाजपा को एक ऐसे सिख चेहरे की जरूरत थी, जो न केवल मालवा क्षेत्र से हो, बल्कि जमीनी स्तर से भी जुड़ा हो। दूसरे शब्दों में, ढिल्लों पार्टी के लिए एक कॉम्बो पैकेज हैं, क्योंकि वे एक साथ व्यवसायी और किसान दोनों हैं। वहीं अब बात कांग्रेस की तो पंजाब में हुए स्थानीय निकाय के चुनाव में आम आदमी पार्टी 958 सीटें जीत कर इतिहास रच दिया है। दरअसल, पिछली बार इनके पास केवल 69 सीटें ही थी। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने पिछली बार 1399 सीटें जीती थीं, जो इस बार 397 पर सिमट गई है। अकाली दल 284 से 192 पर आ गई और भाजपा 49 सीट के उछल कर 172 सीट पर पहुंच गई है। शहरी पंजाब में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 64.6 फीसदी से घटकर 20 फीसदी रह गया है। हालांकि, नुकसान अकाली दल को भी हुआ है, जबकि आम आदमी पार्टी और भाजपा को शहरी क्षेत्रों में फायदा पहुंचा है। पंजाब के निकाय चुनावों में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने पंजाब के कांग्रेस नेताओं को दिल्ली बैठक के लिए बुलाया था। बताया जाता है कि इस बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और प्रदेश अध्यक्ष राजा वड़िंग के बीच जमकर बहस हुई। दरअसल, चन्नी ने अपने क्षेत्र में स्थानीय निकाय चुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष अपने इलाके में बहुत बुरा रिजल्ट दिया। खबर तो ये भी है कि बैठक में पंजाब में नेता प्रतिपक्ष की भी बहस हुई और वो बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए। हालांकि, बाजवा इससे इंकार करते हैं। लेकिन, अंदर से आ रही इन खबरों ने साफ कर दिया है कि पंजाब में कांग्रेस पूरी तरह से बंटी हुई दिख रही है और राहुल गांधी ने सबको हिदायत दी है कि सभी नेता निजी स्वार्थ को भुला कर पार्टी के लिए काम करें। इसके साथ ही यह भी खबर आ रही है कि आलाकमान पंजाब में बड़े बदलाव की तैयारी में है। यदि सूत्रों की मानें तो पंजाब में प्रदेश अध्यक्ष बदला जाने वाले हैं और इस रेस में विजय इंदर सिंगला का नाम लिया जा रहा है। पंजाब में हमेशा हिंदू और सिख के बीच तालमेल बिठा कर पार्टियां काम करती हैं। विजय इंदर सिंगला हिंदू हैं। वे संगरूर से सांसद और विधायक भी रह चुके हैं और 10 जनपथ के करीबी माने जाते हैं। यदि सिंगला प्रदेश अध्यक्ष बनते हैं, तो प्रगट सिंह के पंजाब में नेता प्रतिपक्ष बनने की बहुत चर्चा है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को कैंपेन कमिटी का प्रमुख बनाया जा सकता है, जबकि सुखजिंदर सिंह रंधावा को टिकट बंटवारा कमिटी में जगह दी जा सकती है। इस तरह से राहुल गांधी पूरी पंजाब कांग्रेस को नया रूप देने की तैयारी में हैं। हालांकि, यह भी सच है कि पंजाब की राजनीति कुछ अलग ढंग से चलती है। 2021 में स्थानीय निकाय चुनावों में 1399 सीटों पर जीतने वाली कांग्रेस 2022 का विधानसभा चुनाव हार जाती है और आम आदमी पार्टी की सरकार बन जाती है। इसलिए पंजाब में सबके लिए मौका है, बस जरूरत है, तो बेहतर नेतृत्व और प्रभावी मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ने की।

# विराट और वैभव

भले ही फटाफट क्रिकेट का मक्का कहे जाने वाला आईपीएल बाजार और नई पीढ़ी के जुनून का संगम हो, लेकिन लोकप्रियता के नये आयाम तय करता यह खेल अब दुनिया के क्रिकेट प्रेमियों की पहली पसंद बन गया है। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग के सबसे चमकीले सितारे बनकर उभरे टी–20 सनसनी वैभव सूर्यवंशी। महज पंद्रह साल की उम्र में उनकी कामयाबी हैरत में डालने वाली है। वहीं अनुभवी क्रिकेटर विराट कोहली ने अपने खास अंदाज में सबका ध्यान आकर्षित किया। इस 37 वर्षीय दिग्गज क्रिकेटर ने फाइनल में तूफानी अर्धशतक लगाकर रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी को लगातार दूसरी बार ट्राफी दिलाई। दो महीने तक चले इस टूर्नामेंट में कोहली की फॉर्म और फिटनेस शानदार रही है। यही वजह है कि वर्ष 2027 एकदिवसीय क्रिकेट के विश्व कप में उनकी भागीदारी अब लगभग तय लग रही है। खुद कोहली ने इस बात को स्वीकार किया है कि उन्हें अपनी मनःस्थिति में बदलाव लाने और युवा खिलाड़ियों से थोड़ा सीखने की जरूरत थी, ताकि वे टी–20 क्रिकेट में अपने खेल को नये सिरे से निखार सकें। यह सुखद ही है कि इस दिग्गज क्रिकेटर की यह ईमानदार स्वीकारोक्ति भारतीय क्रिकेट को आकार दे रही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की खूबसूरत बानगी को ही दर्शाती है। निस्संदेह, हाल ही में संपन्न हुए इंडियन प्रीमियर लीग सीजन ने साफ दिखाया कि दो पीढ़ियों के क्रिकेटर कैसे एक–दूसरे के पूरक भी हो सकते हैं। वास्तव में, विराट कोहली आज भी एक प्रभावशाली खिलाड़ी की छवि को बनाये हुए हैं। वहीं वैभव सूर्यवंशी जैसे उदीयमान खिलाड़ी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस फटाफट क्रिकेट में खेल का निरंतर विकास होता रहेगा। यह सुखद ही है कि राजस्थान रॉयल्स के इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी सूर्यवंशी ने अधिकांश पुरस्कार अपने नाम किए हैं। मसलन मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन, सुपर स्ट्राइक ऑफ द सीजन, ऑरेंज कैप विजेता और सुपर सिक्स ऑफ द सीजन जैसे खिताब हासिल किए। इसमें दो राय नहीं कि वैभव सूर्यवंशी के क्रिकेट के वैभव ने आज पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। क्रिकेट की दुनिया के तमाम दिग्गज क्रिकेटर इस उदीयमान खिलाड़ी के क्रिकेट के कारनामों से हतप्रभ हैं। वे वैभव को आशीष व अनुभव दे रहे हैं। यहां तक कि सचिन तेंदुलकर ने उसे अपना स्वाभाविक क्रिकेट खेलने की सलाह तक दी है। इतना ही नहीं, भारत के चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान में भी वैभव को पूरा लाड मिल रहा है। पूरे पाकिस्तान में उसकी खेल तकनीक की खूब चर्चा होती है। निस्संदेह, उनकी निडर बल्लेबाजी और उल्लेखनीय रूप से निरंतर बेहतर खेलना, क्रिकेट के छोटे प्रारूप के प्रति नई पीढ़ी के साहसिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि, उनकी प्रतिभा को लगातार अभ्यास से हासिल व कुछ लोगों द्वारा नैसर्गिक प्रतिभा कहा जा रहा है, लेकिन चर्चा उनकी इतनी कम उम्र में हासिल परिपक्वता को लेकर भी है। सही मायने में दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने की सूर्यवंशी की क्षमता ठीक उसी गुण को दर्शाती है,जिसने वर्षों तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कोहली की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है। निस्संदेह, मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग के संस्करण में, जिस तरह क्रिकेट प्रतिभाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी नजर आती है, उसे टी–20 विश्व चौंपियन भारत के लिये शुभ संकेत ही कहा जा सकता है। यह सुखद ही है कि वर्ष 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों तथा वर्ष 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में टी–20 क्रिकेट को शामिल किया जा रहा है।

# इंतज़ार ख़त्म-सूबे का मिला नया स्थायी पुलिस महानिदेशक



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने एक बयान में कहा कि अहिंसा ही मानवता का सच्चा धर्म होना चाहिए। हालांकि, यदि कोई देश और समाज के लिए खतरा बन जाता है, तो अहिंसा काम नहीं कर सकती। ऐसी स्थिति में हिंसा आवश्यक हो जाती है। एक प्रसिद्ध संस्.त वाक्य का हवाला देते हुए आदित्यनाथ ने कहा, अहिंसा परमो धर्मः, धर्म हिंसा तथावै च, जिसका अर्थ है कि अहिंसा सर्वोच्च गुण है, लेकिन सत्य और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में बल का प्रयोग भी उतना ही उचित है। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र की शक्ति ही विश्व में उसकी प्रतिष्ठा निर्धारित करती है। उन्होंने कहा कि जब हम सुरक्षा के मोर्चे पर मजबूत होंगे, तभी विश्व हमारा मित्र बनेगा। कमजोर के सामने कोई नहीं झुकता। उन्होंने आगे कहा कि यह सिद्धांत देश के शत्रुओं से निपटने के दौरान देश के सशस्त्र बलों की कार्रवाई में परिलक्षित होता है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा को विकास से जोड़ते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने पिछले एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखे हैं। उन्होंने कहा कि विकास योजनाएं केवल सुरक्षित वातावरण में ही प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकती हैं। 2017 से पहले, इसी उत्तर प्रदेश में अक्सर कर्फ्यू लगता था। पेशेवर माफियाओं और अपराधियों ने आम नागरिकों का जीवन मुश्किल बना दिया था। बहरहाल, इसी क्रम मे बात अब उत्तर प्रदेश के नए और वह भी स्थाई पुलिस महानिदेशक की तो मालूम हो कि उत्तर प्रदेश को करीब चार साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार अपना नया स्थायी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिल गया है। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी राजीव .ष्ण को प्रदेश का नया पूर्णकालिक पुलिस कप्तान नियुक्त किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा भेजे गए पैनल पर शासन स्तर पर गहन मंथन के बाद, मुख्यमंत्री ने राजीव .ष्ण के नाम के प्रस्ताव को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) के मूल निवासी राजीव .ष्ण का जन्म 26 जून 1969 को हुआ था. उनके पिता का नाम एचके मित्तल है। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल



की है। अपनी शैक्षणिक योग्यता के बाद वे भारतीय पुलिस सेवा के लिए चुने गए। वे 1991 बैच के आईपीएस हैं और उनकी भर्ती 15 सितंबर 1991 को हुई थी। सेवा में आने के बाद 21 अक्टूबर 1993 को उनका पुष्टीकरण हुआ और 10 अक्टूबर 1995 को उन्हें सीनियर स्केल मिला। इसके बाद 9 अगस्त 2005 को वे सिलेक्शन ग्रेड में पहुंचे। एक कुशल पुलिस अधिकारी के रूप में उनका करियर लगातार आगे बढ़ता रहा। वे 7 अगस्त 2007 को पुलिस उपमहानिरीक्षक और फिर 9 नवंबर 2010 को पुलिस महानिरीक्षक के पद पर प्रमोट हुए। इसके बाद 1 जनवरी 2016 को उन्हें अपर पुलिस महानिदेशक का पदभार मिला और अपनी उत्.ष्ट कार्यशैली के चलते 1 फरवरी 2024 को वे पुलिस महानिदेशक के सर्वोच्च रैंक पर पदोन्नत हुए। राजीव .ष्ण पुलिस महानिदेशक के रैंक पर अपनी सेवा दे रहे थे। वे उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में क्ळच भ्फ्तै और क्ळ सतर्कता विभाग की कमान संभाल रहे हैं, जहाँ उनकी इस पद पर तैनाती 31 मई 2025 को हुई थी। अपने लंबे और शानदार सेवाकाल में राजीव .ष्ण को कई प्रतिष्ठित सेवा पदकों और सम्मानों से नवाजा गया है। उन्हें पुलिस मेडल और पुलिस मेडल फॉर मेधावी सेवा जैसे सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा उन्हें उत्.ष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी मिला है। पुलिस विभाग में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें क्ळ का कमेंडेशन रॉल और अलग–अलग वर्षों में प्रतिष्ठित क्ळ कमेंडेशन डिस्क के सिल्वर, गोल्ड और प्लैटिनम संस्करणों से भी सम्मानित किया गया है। यहां यह बताते चलें कि उत्तर प्रदेश में मई 2022 से कोई भी स्थायी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नहीं था। पिछले चार सालों में कई कार्यवाहक डीजीपी बदले जा चुके हैं। राजीव .ष्ण खुद 1 जून 2025 से कार्यवाहक डीजीपी का पद संभाल रहे हैं, जिन्हें अब स्थायी कमान मिलने जा रही है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा–निर्देशों के अनुसार, राज्य के स्थायी डीजीपी को न्यूनतम 2 साल का कार्यकाल मिलना अनिवार्य है। आईपीएस राजीव कृष्ण जून 2029 में रिटायर होंगे। ऐसे में नियमों के मुताबिक उन्हें प्रदेश के सबसे बड़े पुलिस पद पर एक लंबा और स्थिर कार्यकाल मिलने की पूरी संभावना है। स्थायी डीजीपी की इस दौड़ में राजीव .ष्ण के अलावा कई और सीनियर आईपीएस अधिकारियों के नाम चर्चा में थे। रेणुका मिश्रा– 1990 बैच की सीनियर आईपीएस अधिकारी। आलोक शर्मा– 1991 बैच के आईपीएस, जो वर्तमान में केंद्र में डेपुटेशन पर पीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) के डायरेक्टर हैं और अगले महीने रिटायर हो रहे है। .पीयूष आनंद– 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी, जो फिलहाल केंद्र में प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) पर सेवाएं दे रहे हैं। स्थायी डीजीपी की नियुक्ति के लिए हाल ही में (26 मई को) यूपीएससी के साथ यूपी के मुख्य सचिव एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद की एक अहम बैठक हुई थी। प्रक्रिया के तहत संघ लोक सेवा आयोग अधिकारियों की सीनियरिटी, अनुभव और सर्विस रिकॉर्ड को देखकर तीन नाम शॉर्टलिस्ट करता है। इसके बाद अंतिम फैसला राज्य सरकार का होता है कि वह उस पैनल में से किसे डीजीपी चुनती है।

# हो जाएं सावधान! अभी और बढ़ेगी महंगाई!



फरीद वारसी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि बिजली के बिल के नाम पर भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव के तिकड़मी खर्चों की व्यवस्था के लिए 'इलेक्शन सरचार्ज' लगा रही है। अखिलेश यादव ने कहा, जून से बिजली का बिल देखकर लोगों के आंखों के आगे अंधेरा छाएगा। दरअसल बिजली के बिल में भाजपा का कमीशन बढ़ा है। भाजपा सरकार महंगाई बढ़ा कर जनता की जेब काट रही है। भाजपा सरकार में पहले से ही मंहगाई चरम पर है उसके बाद भी वह लगातार मंहगाई बढ़ाती जा रही है। मंहगाई से जनता पहले से त्रस्त हैं, भाजपा की सरकार हर दिन मंहगाई बढ़ा रही है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा कभी डीजल, पेट्रोल, कभी बिजली और कभी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दे रही है। आम जनता बेबस और परेशान है। भाजपा की कथनी करनी में बहुत अन्तर है। उसने मंहगाई कम करने का वादा किया था लेकिन जबसे सरकार आयी है, रोज मंहगाई बढ़ाती जा रही है। सपा प्रमुख ने कहा, भाजपा की नीतियों से जनता त्रस्त है। भाजपा, पूंजीपतियों के लिए नीतियां बनाती है। उन्हीं के लिए काम करती है। गरीबों की जेब से पैसा निकाल कर पूंजीपतियों की पूंजी बढ़ाती है, फिर उनसे कमीशन और चंदे लेती है। भाजपा गरीब, किसान विरोधी है। 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को हटाकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएगी तभी महंगाई से निजात मिलेगी। वहीं अब बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अपील की तो मालूम हो कि वैश्विक तेल संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बचत की अपील के बावजूद देश में पेट्रोलघ्डीजल की खपत कम होने के बजाए बढ़ती दिख रही है। मई महीने में भी ईंधन की बिक्री में दो अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 मई 2026 को देशवासियों से पेट्रोलघ्डीजल का सीमित और समझदारी से इस्तेमाल करने की अपील की थी। उन्होंने खासतौर पर कहा था, जहां मेट्रो उपलब्ध है, वहां पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल बढ़ाया जाए। निजी वाहन की जरूरत हो तो कारघ्पूलिंग अपनाई जाए। उनकी अपील के बाद कई राज्यों में प्रशासनिक स्तर पर कदम उठाए गए। कुछ मुख्यमंत्रियों ने गाड़ियों का इस्तेमाल कम किया, वहीं कुछ सार्वजनिक परिवहन का सहारा लेते दिखे। लेकिन इस सबके बाद सच तो यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील आम जनता में कोई असर नहीं हुआ। वहीं बढ़ती महंगाई को लेकर आम जनता के लिए कोई राहत की खबर नहीं है। विदित हो कि वित्त मंत्रालय की मई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार देश की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। दुनिया में बढ़ती टेंशन, महंगे होते कच्चे तेल, गिरता हुआ रुपया, कमजोर मानसून और एल नीनो का असर मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकते हैं। मंत्रालय की ये मंथली इकोनॉमिक रिपोर्ट आरबीआई की जून के पहले हते में होने वाली एमपीसी बैठक से ठीक पहले आई है। ऐसे में अब ये उम्मीद करना मुश्किल है कि ब्याज दरों में जल्दी राहत मिलेगी, बल्कि महंगाई को काबू में रखने के लिए कड़े फैसले लिए जा सकते हैं। मौसम विभाग ने बताया कि इस साल मानसून सामान्य से कमजोर रह सकता है और ये औसत का करीब 92 प्रतिशत रहने का अनुमान है. वित्त मंत्रालय ने भी अपनी रिपोर्ट में अल नीनो के असर को लेकर चिंता जताई है। भारत में खेती और गांवों की अर्थव्यवस्था काफी हद तक मानसून पर निर्भर करती



है, इसलिए कम बारिश का सीधा असर फसलों और खाने–पीने की चीजों पर पड़ता है। अगर बारिश कम हुई, तो धान, दाल और तिलहन जैसी खरीफ फसलों की बुआई, और कुल उत्पादन घट सकता है। वित्त मंत्रालय ने खुदरा महंगाई और थोक महंगाई के बीच बढ़ते फर्क पर चिंता जताई है। अप्रैल 2026 में खुदरा महंगाई तो करीब 3.48 प्रतिशत रही, यानी अभी कंट्रोल में दिख रही है, लेकिन थोक महंगाई तेजी से बढ़कर 8.30 प्रतिशत पहुंच गई है। इसका सीधा मतलब कंपनियों के लिए सामान बनाना महंगा हो गया है। फिलहाल कंपनियों ने ये पूरा बोझ ग्राहकों पर नहीं डाला है, लेकिन ज्यादा दिन तक रुक पाना संभव नहीं है। इसलिए आने वाले समय में रोजमर्रा के सामान की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे आम लोगों की जेब पर असर पड़ेगा। महंगाई बढ़ने की एक बड़ी वजह पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ना भी है। एक सिंपल बात है जब तेल महंगा होता है, तो इसका असर सीधे लोगों के खर्च पर पड़ता है और बाकी चीजें भी महंगी हो जाती हैं। इसी बीच रुपया भी डॉलर के मुकाबले कमजोर होकर करीब 97 तक गिर गया। मतलब भारत जो चीजें बाहर से खरीदता है, जैसे तेल और इलेक्ट्रॉनिक सामान, वो अब पहले से ज्यादा महंगे हो गए हैं। यही वजह है कि बाहर से आने वाली महंगाई भी बढ़ रही है और इसका असर देश की अर्थव्यवस्था के साथ आम लोगों पर भी साफ दिख रहा है। दुनिया में चल रहे हालात भी भारत के लिए परेशानी बढ़ा रहे हैं। सरकार ने बताया कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक बड़ा खतरा बन सकता है। खासकर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के मौर्चे पर, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है। भारत भी अपनी ज्यादातर कच्चे तेल की जरूरत इसी रास्ते से पूरी करता है। ऐसे में यहां रुकावट आने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल चली गईं। इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था और आम लोगों पर देखने को मिला। रिपोर्ट में वित्त मंत्रालय ने साफ कहा है कि वित्त वर्ष 2026–27 को बेहतर तरीके से संभालने और देश की अर्थव्यवस्था की रतार बनाए रखने के लिए सरकार और रिजर्व बैंक को कई मौर्चों पर काम करना होगा। एक तरफ आरबीआई को महंगाई कम करने और रुपये को मजबूत बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने पड़ सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ सरकार को ऐसे फैसले लेने होंगे जिससे लोगों के ऊपर महंगाई का असर ज्यादा ना पड़े।

# अन्नामलाई का क्या भाजपा से मोह हुआ भंग?



शबाब हुसैन

तमिलनाडु में नई सरकार बन चुकी है, लेकिन राज्य की राजनीति में हलचल थमी नहीं है। नई खबर तमिलनाडु भाजपा के युवा नेता अन्नामलाई को लेकर है. चर्चाएं हैं कि अन्नामलाई भाजपा से अलग होकर नई पार्टी बनाने जा रहे हैं। तमिलनाडु के शहर कोयम्बूटर में कई जगह अन्नामलाई को पोस्टर लगे हैं। इन पोस्टर्स में अन्नामलाई की तस्वीर है और नीचे जो लिखा है– उसका अर्थ यह है कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती। ऐसे में चर्चा है कि तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई जल्द ही पार्टी का साथ छोड़ सकते हैं। सूत्रों के हवाले से खबर है कि अन्नामलाई भाजपा में खुद का कोई भविष्य नहीं देख रहे हैं और वह जल्द ही अपनी नई राजनीतिक पार्टी का एलान कर सकते हैं। यह बड़ा घटनाक्रम बीते दिनों दिल्ली में भाजपा के दिग्गज नेता नितिन नबीन के साथ होने वाली उनकी बैठक के ठीक पहले आया है। चेन्नई एयरपोर्ट पर जब मीडिया ने उनसे इस बारे में सवाल किया, तो अन्नामलाई ने सिर्फ इतना कहा, .पया थोड़ा इंतजार करिए. हम दो दिनों में बैठकर विस्तार से बात करेंगे। अन्नामलाई के इस बड़े फैसले के संकेत एयरपोर्ट पर ही मिल गए, जब वह बिना भाजपा के झंडे वाली गाड़ी से वहां पहुंचे. तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के नतीजों के करीब एक महीने बाद यह पूरी पटकथा लिखी जा रही है। गौरतलब है कि इस चुनाव में 234 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा को सिर्फ एक सीट से संतोष करना



पड़ा था। सूत्रों का कहना है कि अन्नामलाई पार्टी के भीतर खुद को दरकिनार किए जाने से असहज हैं। जबकि वहीं अन्नामलाई की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 4 जून को उनके जन्मदिन से पहले चेन्नई की सड़कों पर हमारा नेता, आओ और हमारा नेतृत्व करो जैसे नारों वाले पोस्टर्स लग चुके हैं। अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक, पार्टी ने उन्हें मनाने के लिए राज्यसभा सीट का ऑफर भी दिया था, जिसे उन्होंने सीधे तौर पर ठुकरा दिया। खबर है कि अन्नामलाई सीधे राजनीतिक पार्टी बनाने के बजाय पहले एक बड़ा जन आंदोलन शुरू करेंगे। इस आंदोलन का मकसद समान विचारधारा वाले लोगों को जोड़ना और एक मजबूत वॉलंटियर नेटवर्क तैयार करना है। यह अभियान काफी बड़े पैमाने पर चलाया जाएगा, जिसमें अलग–अलग सामाजिक और प्रोफेशनल बैकग्राउंड के युवाओं को जोड़ने की तैयारी है। इस बड़े राजनीतिक प्रोजेक्ट के लिए वह अपने एनजीओ वी द लीडर्स को आधार बना सकते हैं. ये संस्था पहले से ही लीडरशिप के क्षेत्र में काम कर रहा है। माना जा रहा है कि नई पार्टी बनाने के बाद अन्नामलाई तमिलनाडु में होने वाले आगामी विधानसभा उपचुनावों में अपने उम्मीदवार उतारकर अपनी जमीनी ताकत का पहला टेस्ट ले सकते हैं। भाजपा से उनकी दूरियां पिछले कुछ समय से साफ दिखने लगी थीं। हाल ही में उन्होंने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से तीन–भाषा नीति को समय से पहले लागू करने पर केंद्र सरकार की खुलकर आलोचना की थी। उनका कहना था कि साल 2029–30 में लागू होने वाली नीति को अभी थोपने से छात्रों को भारी परेशानी हो रही है। भाजपा में आते ही उन्हें तमिलनाडु का उपाध्यक्ष बनाया गया और बाद में एल. मुरुगन के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उन्हें प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंप दी गई। अन्नामलाई ने द्रविड़ राजनीति के गढ़ तमिलनाडु में आक्रामक रैलियों, जमीनी कैंपेन और सोशल मीडिया के जरिए भाजपा को एक नई पहचान दी और युवाओं में अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग बनाई। विवाद तब शुरू हुआ जब अन्नामलाई चाहते थे कि भाजपा तमिलनाडु का चुनाव अकेले लड़े, क्योंकि उन्हें भरोसा था कि पार्टी का ग्राफ बढ़ा है। लेकिन दिल्ली में बैठे भाजपा आलाकमान ने अन्नामलाई की रणनीति को दरकिनार करते हुए एआईएडीएमके के साथ दोबारा गठबंधन कर लिया। चर्चा है कि एआईडीएमके के महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने गठबंधन के लिए शर्त रखी थी कि अन्नामलाई को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाया जाए। इसी के बाद उन्हें पद से हटा दिया गया। इसके बाद उन्होंने न तो 2026 का विधानसभा चुनाव लड़ा और न ही वह चुनाव प्रचार में सक्रिय दिखे।

## खंडीय कार्यालय में सूखा व बाढ़ नियंत्रण कक्ष की हुई स्थापना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2026–27 में खण्ड के अन्तर्गत सूखा व बाढ़ सम्बंधी सूचनाओं के आदान–प्रदान हेतु खण्डीय कार्यालय में सूखा व बाढ़ नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की गयी है जिसका दूरभाष नं0 05612–232849 है। बाढ़ नियन्त्रण कक्ष की अवधि 01 जून से 31 अक्टूबर तक रहेगी। इस खण्ड के उमेश चन्द शर्मा सहायक अभियन्ता तृतीय को प्रभारी तथा श्याम




सुन्दर, अवर अभियन्ता को सहायक प्रभारी के रूप में बाढ़ नियन्त्रण कक्ष में कार्य करने हेतु नियुक्त किया जाता है। बाढ़ नियन्त्रण कक्ष का कार्य बाढ़ एवं वर्षा पंसाल सम्बंधी संकलित सूचनायें बाढ़ नियन्त्रण कक्ष के रजिस्टर मे अंकित कर विभागीय/प्रशासनिक अधिकारियों को प्रेषित करना होगा। प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारी बाढ़ नियन्त्रण कक्ष सुचारू रूप से संचालन एवं सूचनाओं को संकलित कराकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित कराना सुनिश्चित करेगें। बाढ़ नियन्त्रण कक्ष में कर्मचारियों की ड्यूटी निम्नानुसार लगायी जाती है जो प्रभारी व सहायक प्रभारी के निर्देशानुसार कार्य करेगें। पालियों के कर्मचारियों की ड्यूटी साप्ताहिक अवकाश के बाद इस प्रकार बदलेगी कि आगामी सप्ताह मे प्रथम पाली, द्वितीय पाली में, द्वितीय पाली तृतीय पाली में तथा तृतीय पाली प्रथम पाली में कार्य करेगें। पाली परिवर्तन हेतु आरक्षित पाली कमशः प्रथम सप्ताह में रविवार, सोमवार, मंगलवार को प्रथम पाली में तथा द्वितीय सप्ताह मे रविवार, सोमवार, मंगलवार को द्वितीय पाली में एवं तृतीय सप्ताह मे रविवार, सोमवार, मंगलवार को तृतीय पाली में काम करेगी। आगामी सप्ताह में इस प्रकार कमचलता रहेगा। आरक्षित पाली मे कर्मचारी अन्य पाली मे कर्मचारियों के अवकाश के दिनों मे ड्यूटी पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेगें। वर्षा पंसाल तहसील सदर फिरोजाबाद से प्रतिदिन प्रथम पाली के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी द्वारा प्रातः 8 बजे लाकर बाढ़ नियन्त्रण कक्ष मे दर्ज करायी जायेगी।

## मिश्रवलिया-अमौरा माइनर सड़क निर्माण में धांधली का आरोप

### - किसान नेता ने की जांच की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। सेवराई तहसील क्षेत्र के मिश्रवलिया–अमौरा माइनर पर हाल ही में निर्मित सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता और धांधली के आरोप सामने आए हैं। किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए मामले की जांच कराए जाने की मांग की है। किसान नेता भानु प्रताप सिंह का आरोप है कि सड़क का निर्माण दो खंडों में किया जाना था, लेकिन कार्यदायी संस्था ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से करीब डेढ़ से दो किलोमीटर का हिस्सा छोड़ दिया। इसके अलावा जो सड़क बनाई गई है, वह पहली ही बारिश में जगह–जगह से उखड़ने लगी है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के



दौरान कई बार अधिकारियों और संबंधित संस्था से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की गई थी, लेकिन शिकायतों को नजरअंदाज कर लीपापोती की गई। आरोप लगाया कि सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए अधूरा निर्माण कार्य दिखाकर पूरी राशि निकाल ली गई। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि कुछ माह पूर्व लाखों रुपये की लागत से सेवराई–मिश्रवलिया–अमौरा माइनर सड़क का निर्माण कराया गया था। इस कार्य को दो कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पूरा किया जाना था। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जबकि कागजों में कार्य पूर्ण दिखाया गया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार वैष्णवी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि डामर की बढ़ी हुई कीमतों के कारण कुछ हिस्सा अधूरा रह गया है, जिसे संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा पूरा कराया जाएगा। साथ ही संबंधित अवर अभियंता (जेई) को मौके का निरीक्षण कर विस्तृत आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## साइंस घर कार्यक्रम में अनमोल ने हाइपरलूप मॉडल किया प्रस्तुत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में इस समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से



जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें द्वितीय दिवस पर कक्षा 9 के छात्र अनमोल ने अपने मॉडल हाइपरलूप टेक्नोलॉजी के प्रस्तुतिकरण में बताया कि यह आधुनिक परिवहन तकनीक पर आधारित हाइपरलूप मॉडल है। इस मॉडल में कम दबाव वाली ट्यूब और हाई–स्पीड परिवहन प्रणाली की कार्यप्रणाली को सरल रूप में अनमोल ने बताया कि स्विच ऑन करने पर मोटर सक्रिय होती है, जिससे मोटर पॉड को पाइप के अंदर गति देती है। चुम्बकीय प्रभाव के कारण पॉड का घर्षण कम हो जाने के कारण पॉड ट्यूब के अंदर तेजी से गति करता है। यदि हाइपरलूप टेक्नोलॉजी पूर्ण रूप से सफल होती है, तो भविष्य में बड़े शहरों के बीच यात्रा समय बहुत कम हो जाएगा। अश्वनी कुमार जैन ने अनमोल के मॉडल की वैज्ञानिक सोच और नवाचार प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अनमोल को हाइपरलूप टेक्नोलॉजी के निर्माण लागत की अधिकता एवं सुरक्षा, तकनीकी के पूर्ण रूप से विकसित न होने के विषय में भी बताया। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## स्व. चन्द्रशेखर स्मारक महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

सेवराई, गाजीपुर। स्व. चन्द्रशेखर जी पूर्व प्रधानमंत्री स्मारक महाविद्यालय, रामपुर कनवां में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। महाविद्यालय प्रशासन ने इच्छुक छात्र–छात्राओं से समय रहते आवेदन करने की अपील की है। महाविद्यालय प्राचार्य अरबिंद कुमार दुबे द्वारा जारी सूचना के अनुसार स्नातक स्तर पर बीए, बीएससी, बीएससी .षि तथा बीकॉम पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जा रहा है। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर एमए, एमएससी, एमएससी .षि एवं एमकॉम पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश प्रारंभ है। इसके अलावा बीएड एवं डीफार्मा पाठ्यक्रमों में प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने बताया कि छात्र–छात्राओं की सुविधा के लिए परिसर में छात्रावास की व्यवस्था भी उपलब्ध है। छात्रावास संबंधी जानकारी एवं सहायता के लिए विशेष सहायता पटल बनाया गया है। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक महाविद्यालय पहुंचकर प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा आवश्यक औपचारिकताएं




पूरी कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया को लेकर छात्र–छात्राओं और अभिभावकों में उत्साह देखा जा रहा है। महाविद्यालय प्रशासन ने अधिक जानकारी के लिए 9415338161 एवं 9450832579 पर संपर्क करने की अपील की है।

## झंडा चौक पर युवती के हंगामे से मची अफरा-तफरी

### – पुलिस ने सुरक्षित घर पहुंचाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

नजीबाबाद, बिजनौर। शहर के व्यस्त झंडा चौक क्षेत्र में उस समय अफरा–तफरी का माहौल बन गया, जब एक युवती ने अचानक हंगामा करते हुए शोर–शराबा शुरू कर दिया। युवती की



असामान्य गतिविधियों और नारेबाजी के कारण मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती काफी देर तक ऊंची आवाज में चिल्लाती रही और आसपास के क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने धैर्य और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए युवती को शांत कराया। काफी समझाने–बुझाने के बाद उसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। प्रारंभिक जानकारी में युवती के मानसिक रूप से अस्वस्थ होने की बात सामने आई है। पुलिस ने मानवता का परिचय देते हुए युवती की पहचान कर उसके परिजनों से संपर्क किया। उसे सुरक्षित उसके घर भिजवा दिया। पुलिस की इस कार्यशैली की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

## साइंस घर कार्यक्रम में कृष्णा ने पेश किया वेस्ट टू एनर्जी विद स्मार्ट डस्टबिन का मॉडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में इस समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में



प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस पर कक्षा 9 के छात्र .ष्णा ने अपने मॉडल वेस्ट टू एनर्जी विद स्मार्ट डस्टबिन के प्रस्तुतिकरण में बताया कि कई स्थानों पर अक्सर कूड़ेदान समय पर खाली नहीं हो पाते हैं, जिससे सड़क पर कचरा फैल जाता है तथा गंदगी, बदबू और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जिसके फलस्वरूप पर्यावरण दूषित होता है। इस समस्या के समाधान के लिए यह मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल में कूड़े की गाड़ी भर जाने पर सिस्टम स्वतः नगर पालिका को कॉल करके सूचना देता है, जिससे समय पर कचरे का निस्तारण किया जा सके। साथ ही प्लास्टिक कचरे से बिजली उत्पादन तथा धुएं को कार्बन के रूप में उपयोग करने की अनोखी अवधारणा को भी बताया। अश्वनी कुमार जैन ने .ष्णा के मॉडल की वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण करेंगे। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## तीन माह बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा शुगर मिल हत्याकांड का आरोपी

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। शुगर मिल के ट्रक यार्ड में हुए चर्चित सलमान हत्याकांड के मुख्य आरोपी एवं 25 हजार रुपये के इनामी अजीम को पुलिस ने करीब तीन माह दस दिन बाद गिरतार कर लिया। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था और उसकी गिरतारी के लिए पुलिस द्वारा विभिन्न कानूनी कार्रवाई की गई थी। गौरतलब है कि 19 फरवरी को स्योहारा शुगर मिल के ट्रक यार्ड में टोकन लेने को लेकर हुए विवाद में ट्रक चालक सलमान की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी अजीम को नामजद आरोपी बनाया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी के विरुद्ध सात मार्च को गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। इसके बाद 22 मार्च को फरारी की उद्घोषणा कराई गई। न्यायालय के आदेश पर उसके घर नोटिस चस्पा कर मुनादी भी कराई गई थी तथा आत्मसमर्पण न करने पर कुर्की की चेतावनी दी गई थी। निर्धारित अवधि बीतने के बावजूद आरोपी के सामने नहीं आने पर न्यायालय के आदेश की अवहेलना का अलग मुकदमा भी दर्ज किया गया था। साथ ही उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी स्योहारा–बुढेरन रोड क्षेत्र में मौजूद है। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे ने गिरतारी की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत, देवर गंभीर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

अफजलगढ़, बिजनौर। राष्ट्रीय राजमार्ग–734 पर सोमवार शाम हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला और उसके मासूम बेटे की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव की निवासी आंचल (28) अपने एक वर्षीय पुत्र विराज को उपचार दिलाने के लिए देवर अमित के साथ भूतपुरी गई थी। उपचार के बाद तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। शाम के समय गांव माननगर के निकट पहुंचते ही उनकी बाइक को पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने आंचल और उसके पुत्र विराज को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अमित की हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। मां–बेटे की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों ने बताया कि मासूम विराज का जन्मदिन दो दिन पहले ही मनाया गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के लिए जिम्मेदार वाहन की तलाश की जा रही है।

## बेसिक शिक्षाधिकारी के स्थानांतरण पर विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न



(संवाददाता) हमीरपुर आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के जनपद अलीगढ़ स्थानान्तरण पर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा सभागार (प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा) एवं सांई कृपा गेस्ट हाउस (राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा) मे आयोजित विदाई कार्यक्रमों में स्मृति चिन्ह एवं बुकें देकर उनके साथ जनपद हमीरपुर में तीन वर्ष कार्य को याद किया। जनपद में सफल और निर्विवाद, सहज कार्यकाल की कोटिशरू बधाई प्रस्तुत की।

## कांस्टेबल अनिल कुमार ने जान की परवाह किये बिना रिबोर में गिरी गाय को सुरक्षित बाहर निकाला

संवाददाता शाहबाद। (रामपुर) मंगलवार को शाहबाद के चकरपुर भूड़ गांव में खुले रिबोर में गौमाता नीचे गिर गई, सूचना पर पहुंची



पुलिस ने गौमाता को निकालने के प्रयास शुरू किए। नीचे देखा तो गहरे रिबोर में गाय के साथ सांप भी था। हल्के पर तैनात कांस्टेबल अनिल ने जान की परवाह किए बिना नीचे रिबोर में उतर गए और गाय को बाहर निकालने में मदद की। मिली जानकारी के अनुसार चकरपुर भूड़ गांव में रिबोर कराने के बाद उसके मुंह को खुला छोड़ दिया था, जिसमें एक गाय नीचे गिर गई। नीचे सांप भी गाय के पास आकर बैठ गया। लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंचे कांस्टेबल अनिल कुमार नीचे गड्ढे में उतरे और गाय के रस्सी बांधकर गाय को सकुशल बाहर निकाला। इस दौरान एसआई अंकित कुमार, एसआई नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल मो उवैस, नीरज चौधरी, अनिल कुमार आदि रहे।

## मिशन शक्तिअभियान : महिलाओं को किया गया जागरूक

### - ऊसराहार पुलिस ने हेल्पलाइन नंबरों व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना



ऊसराहार पुलिस द्वारा क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें तथा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन एवं सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। पुलिस टीम द्वारा उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पंपलेट वितरित कर सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारियां दी गईं तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P | हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213 | एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# जैनपुर हनुमान मंदिर में 501 सुंदरकांड पाठ

## -सामूहिक हनुमान चालीसा से भक्तिमय हुआ माहौल, जनकल्याण की कामना

संवाददाता राजपुर कानपुर देहात। राजपुर क्षेत्र के ऐतिहासिक जैनपुर स्थित हनुमान मंदिर में मंगलवार को 501 सुंदरकांड पाठ और सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम श्एक उम्मीद संस्थाश द्वारा आयोजित किया गया था,



जिससे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम आयोजक श्एक उम्मीद संस्थाश की राष्ट्रीय सचिव दीक्षा यादव ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं था, बल्कि क्षेत्र की सुख–समृद्धि, विकास, शांति और जनकल्याण के लिए एक सामूहिक प्रार्थना का अवसर था। उन्होंने कहा कि इसका मूल उद्देश्य क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, शांति और उन्नति का प्रसार करना है। दीक्षा यादव ने आगे कहा कि यह आयोजन विशेष रूप से सिकंदरा के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, युवाओं के बेहतर कल और क्षेत्र के निरंतर विकास को समर्पित था। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जब समाज एकजुट होकर प्रार्थना करता है, तो सकारात्मक ऊर्जा पूरे क्षेत्र को नई दिशा और शक्ति प्रदान करती है। कार्यक्रम में दूरदराज क्षेत्रों से आए सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और समापन पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर रोहित यादव, चरण सिंह यादव, सुधीर यादव, पवन चौहान, अवधेश यादव, रामदास गौतम, राजेश गौतम, प्राची कटियार और कविता विश्नोई सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जनपद में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साक्ष्य एवं गवाही की सुविधा प्रारंभ

## -न्यायिक प्रक्रिया होगी अधिक सुगम एवं प्रभावी

संवाददाता हमीरपुर। जनपद में न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक सुगम, त्वरित एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल पर कक्ष संख्या–06 में कार्यालय संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इस सुविधा के माध्यम से जनपद में निवासरत अथवा कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य साक्षीगण विभिन्न जनपदों की न्यायालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने साक्ष्य एवं गवाही दर्ज करा सकेंगे। इससे न्यायालयों में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता में कमी आएगी तथा समय एवं संसाधनों की बचत होगी। संयुक्त निदेशक अभियोजन ने बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व्यवस्था के माध्यम से न्यायिक कार्यवाही को गति प्रदान करने के साथ–साथ साक्षियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी प्रयास किया गया है। यह व्यवस्था विशेष रूप से उन व्यक्तियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी जिन्हें अन्य जनपदों में लंबित वादों के संबंध में गवाही हेतु बार–बार यात्रा करनी पड़ती है। जनपदवासियों से अपील की गई है कि इस सुविधा की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि पात्र व्यक्तियों को इसका लाभ मिल सके। इस संबंध में सभी विभागों, समाचार पत्रों एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से भी व्यापक प्रचार–प्रसार करने का अनुरोध किया गया है।

# नमामि गंगे परियोजना की सप्लाई एक सप्ताह से बंद होने से ग्रामीणों को पेयजल की किल्लत

संवाददाता कुरारा (हमीरपुर) विकास खंड क्षेत्र के रिठारी गांव में नमामि गंगे परियोजना की सप्लाई एक सप्ताह से बंद होने के



कारण ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के रिठारी गांव में नमामि गंगे परियोजना की टंकी स्थित है। इस टंकी से गांव को पानी की सप्लाई की जाती है। टंकी के पास लगा विद्युत ट्रांसफार्मर की केबिल एक सप्ताह पूर्व जल गई थी,जिसको अभी तक बदला नहीं गया है। जिससे टंकी में पानी नहीं भर पा रहा है गांव निवासी कुलदीप,संतोष कुमार,सुंदर लाल, जयकरण, रामगोपाल, भागवत प्रसाद, गोबिंद, राकेश कुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि गांव स्थित नमामि गंगे परियोजना की टंकी बनी है। जिसमें एक विद्युत टांसफार्मर लगा है। इसकी लाइन से ट्रांसफार्मर तक आई केबिल जल जाने के कारण टंकी में पानी नहीं भर पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत आपरेटर से व अधिकारियों से की है। अभी तक केबिल नहीं बदली गई है। जिससे लोगो को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इसे ठीक कराए जाने की मांग की है। जिससे गर्मी के मौसम में लोगों को पेयजल मिल सके।

# ग्राम पंचायतों में कार्यकाल खत्म होने से पहले हुए भारी भुगतान जांच के घेरे में, सीडीओ अभिषेक कुमार ने कसा शिकंजा

## -सीडीओ का पंचायतों पर एक्शन, संसारपुर में अनियमितताओं का खुलासा; कार्यो में मिली गड़बड़ी; सचिव सस्पेंड, अब होगी रिकवरी

संवाददाता लखीमपुर खीरी। ग्राम प्रधानों के कार्यकाल की समाप्ति से ठीक पहले ग्राम पंचायतों में हुए भारी भुगतान अब जांच के दायरे में आ गए हैं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने मई माह में हुए भुगतान की रिपोर्ट निकलवाई तो कई पंचायतें रडार पर आ गईं। इसी कड़ी में वह मंगलवार को ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत संसारपुर पहुंचे, जहां निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं की परतें खुलती चली गईं। रिपोर्ट के मुताबिक मई माह में संसारपुर ग्राम पंचायत से 32.13 लाख रुपये का भुगतान किया गया। जांच में प्रकाश में आया कि आधे अधूरे कामों का आनन फानन में भुगतान किया गया। मौके पर जांच के दौरान 5.81 लाख रुपये की लागत से कराए गए मरम्मत कार्यों में गंभीर खामियां सामने आईं। देखे गये सभी कार्यों की गुणवत्ता बेहद निम्न स्तर की मिली और खर्च की गई धनराशि पर भी सवाल खड़े हो गए। सीडीओ ने मौके से निर्माण सामग्री के नमूने एकत्र कराकर लैब परीक्षण के लिए भेज दिए। निरीक्षण में प्रथम दृष्टया भुगतान और कार्यों में गड़बड़ी पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही तकनीकी टीम गठित कर पूरे भुगतान और कार्यों की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि जांच में जो भी धनराशि अनियमित रूप से खर्च पाई जाएगी, उसकी रिकवरी निकालकर संबंधित जिम्मेदारों से वसूली भी सुनिश्चित कराई जाएगी। इसके बाद सीडीओ अभिषेक कुमार ग्राम पंचायत ग्रांट डोटपुर पहुंचे। यहां विकास कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक मिली, लेकिन ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति बाधित होने और पाइपलाइन लीकेज की समस्या बताई। इस पर सीडीओ ने जल निगम अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। वहीं गांव में स्वच्छता व्यवस्था और साफ–सफाई बेहतर करने के लिए डीपीआरओ को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि पंचायतों में हुए कार्यों और भुगतानों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा। सरकारी धन के दुरुपयोग और गुणवत्ता से समझौता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# शराब के नशे में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाला चालक गिरफ्तार, 24 घंटे के भीतर कोर्ट में चार्जशीट पेश

संवाददाता गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ० कौस्तुभ के निर्देशानुसार थाना कैंट पुलिस



ने मुस्तैदी दिखाते हुए शराब के नशे में वाहन चलाकर सार्वजनिक संपत्ति को भारी क्षति पहुंचाने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल दुर्घटना करने वाले वाहन को सीज किया, बल्कि महज 24 घंटे के भीतर मामले की जांच पूरी कर माननीय न्यायालय में आरोप पत्र (चार्जशीट) भी प्रेषित कर दी है। डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार गाड़ी जानकारी के अनुसार, 01 जून 2026 की रात थाना कैंट पुलिस की टीम क्षेत्र में रात्रि गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मोहद्दीपुर स्थित एक सेवा केंद्र के पास वाहन संख्या न्च्57 ब्ज 3154 अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गई है। इस दुर्घटना के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया और यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई। ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट में हुई नशे की पुष्टि सूचना मिलते ही कैंट पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने जब वाहन चालक को गाड़ी से बाहर निकाला, तो वह अत्यधिक नशे की हालत में मिला। मौके पर ही पुलिस ने श्ब्रेथ एनालाइजरश मशीन से चालक का मेडिकल टेस्ट किया, जिसमें उसके शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई। पुलिस की पूछताछ और जांच में आरोपी चालक की पहचान शिवम मिश्रा (पुत्र स्वर्गीय कुंज बिहारी मिश्रा) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ग्राम पोखारभिंडा, थाना कोठीभार, जनपद महाराजगंज का निवासी है। कैंट पुलिस ने 24 घंटे में दाखिल की चार्जशीट पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। आरोपी चालक शिवम मिश्रा के खिलाफ थाना कैंट में मु0अ0सं0 0267/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 281 और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और अपराधियों में डर पैदा करने के उद्देश्य से पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए महज 24 घंटे के अंदर कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# शाहबाद में परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई: अनाधिकृत रूप से संचालित रमन बस सर्विस सीज

## -अभिनन्दन मोर्चा अख़बार की खबर का असर

संवाददाता शाहबाद। (रामपुर ) मंगलवार को शाहबाद के आंवला चौराहे पर परिवहन विभाग की टीम द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई। पीटीआई होरीलाल वर्मा के नेतृत्व में चलाए गए इस संयुक्त अभियान में परिवहन और पुलिस विभाग की टीम ने 'रमन बस सर्विस' (बस संख्या न्च 15 ळज 6619) को सीज कर दिया है। रमन बस सर्विस की डगगामार बस आंवला से गुड़गांव को चलती है। मंगलवार को आंवला चौराहे पर पुलिस ने बस को रुकने का इशारा किया पुलिस को देखकर ड्राइवर बस को भगाने लगा पुलिस ने बस को रोक लिया। परिवहन विभाग की कार्यवाही के बाद बस को मंडी समिति में खड़ा कर दिया। परिवहन विभाग के पीटीआई होरीलाल वर्मा ने बताया कि यह बस लंबे समय से अनधिकृत रूप से संचालित की जा रही थी। बस में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बिठाई जा रही थीं और यात्रियों की कोई भी पैसेंजर सूची उपलब्ध नहीं थी। सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हुए बस में श्रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेपश भी नहीं लगा था। इस गंभीर लापरवाही पर विभाग ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बस को सीज कर दिया और लगभग 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीटीआई होरीलाल वर्मा ने स्पष्ट किया कि जिले में ऐसे अनधिकृत यात्री वाहनों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी यह कार्रवाई को हिदायत दी गई है कि वे निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी न बिठाएं




जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले भी ओवरलोडिंग के आरोप में 8–10 अन्य ट्रिक और बस को बंद किया गया था। संचालकों और अपने सभी दस्तावेज पूर्ण रखें। कार्यवाही के दौरान एसआई रमेश यादव, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार मौजूद रहे।

# 3 साल के मासूम की बची जान: गले 'में फंसा 5 रुपये का सिक्का डॉक्टरों ने बिना 'चीरा लगाए निकाला''

संवाददाता लखीमपुर खीरी। मेडिकल कॉलेज मोतीपुर के




डॉक्टरों ने अपनी कुशलता और तत्परता से एक 3 वर्षीय मासूम की जान बचाकर मानवता और चिकित्सा सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। बच्चे ने खेल–खेल में 5 रुपये का सिक्का निगल लिया था, जो उसकी भोजन नली (फूड पाइप) में फंस गया। इससे बच्चे को गंभीर परेशानी होने लगी और परिजन घबराकर उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने तुरंत बच्चे की जांच शुरू की। डॉ. मनोज शर्मा ने एक्स–रे के माध्यम से सिक्के की सटीक स्थिति का पता लगाया। इसके बाद डॉ. श्वेता वर्मा, डॉ. मनोज शर्मा और स्टाफ नर्स रेखा सैनी की टीम ने अत्याधुनिक दूरबीन (एंडोस्कोपी) तकनीक का इस्तेमाल करते हुए बिना किसी चीरे के सफलतापूर्वक सिक्का बाहर निकाल दिया। करीब दो घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद बच्चे को पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया गया। मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि सुबह 11 बजे शुरू हुई प्रक्रिया दोपहर 1 बजे सफलतापूर्वक पूरी हुई। बच्चे की हालत अब सामान्य है और उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। इस सफल ऑपरेशन के बाद परिजनों ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की। वहीं, मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने इसे टीमवर्क और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की बड़ी उपलब्धि बताया। डॉक्टरों की सलाहरू छोटे बच्चों को सिक्के, बैटरी, पिन या अन्य छोटी वस्तुओं से दूर रखें, क्योंकि इन्हें निगलने से जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है। ऐसी घटना होने पर बिना देर किए तुरंत नजदीकी अस्पताल में चिकित्सकीय सहायता लें।

# नवागंतुक मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया गया निरीक्षण

संवाददाता कुरारा(हमीरपुर) जिले में आई नई मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा सुबह करीब साढ़े दस बजे कुरारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें सीएमओ द्वारा मरीजो से भी




हालचाल जाना गया। जिले की नवांगतुक मुख्य चिकित्साधिकारी अल्का शुक्ला द्वारा कुरारा सीएचसी का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें सबसे पहले उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया। तदपश्चात ओपीडी, लैब, एक्सरे रूम, दवा वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। वही सीएचसी में बने नए हीटवेव वार्ड का भी निरीक्षण किया। वही प्रसव कक्ष में भर्ती सोनम, छिगुदी व बबली से हालचाल व सुविधाओ तथा मुफ्त इलाज व स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। लैब में पहुच हो रही जांचों की भी विस्तृत जानकारी ली। वही कोविड़ वार्ड का भी निरीक्षण किया और कहा कि समय समय पर इन कमरों को खुलवाते रहा करे। जांच में फिलहाल सब चाक चौबंद मिला। मौके में सीएचसी प्रभारी सुनील जायसवाल, सहायक शोध अधिकारी देवेंद्र कुमार, बीसीपीएम सुधीर साहू, बीपीएस जुनैद अहमद आदि मौजूद रहे।

# नगर पंचायत की व्यवस्था सुधारने को स्थायी ईओ की मांग

संवाददाता शाहबाद।(रामपुर) नगर पंचायत शाहबाद में स्थायी अधिशासी अधिकारी की स्थाई नियुक्ति की मांग उठने लगी है। भाजपा के नामित सभासद अमित चंद्रवंशी व अर्पित वशिष्ठ ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर नगर पंचायत में स्थायी ईओ की तैनाती कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए पत्र में उन्होंने



कहा है कि वर्तमान में नगर पंचायत शाहबाद का कार्यभार संभाल रहे अधिशासी अधिकारी कुमार संजय के पास जिले के अन्य विभागों की भी जिम्मेदारी है। अधिक व्यस्तता के चलते वे शाहबाद में नियमित रूप से समय नहीं दे पा रहे हैं। आरोप है कि वे महीने में एक–दो बार ही नगर पंचायत कार्यालय पहुंचते हैं। जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं और कई प्रशासनिक कार्य लंबित पड़े हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि नगरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक कार्यों के लिए अधिकारियों से संपर्क करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे नगर पंचायत के कामकाज पर असर पड़ रहा है। भाजपा नेताओं ने जिलाधिकारी से नगर पंचायत शाहबाद में जल्द से जल्द स्थायी अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति कराने की मांग की है, ताकि विकास कार्यों में तेजी आए और आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो सके।

# अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह की पहल पर NHRC ने लिया संज्ञान, राज्य मानवाधिकार आयोग में मामला दर्ज

## -जिले के चर्चित- बोखर हत्या कांड के पीड़ित परिवार में जगी न्याय की उम्मीद

संवाददाता हमीरपुर। जनपद के थाना जरिया क्षेत्र के ग्राम बौखर निवासी स्वर्गीय शीला रानी लोधी हत्याकांड मामले में न्याय की मांग को लेकर अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह द्वारा 26 मई को भेजे गए पत्र पर कार्रवाई शुरू हो गई है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (छभ्त्ब्) ने मामले का संज्ञान लेते हुए इसे उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग, लखनऊ को अग्रेषित कर दिया है, जहां 29 मई को मामला औपचारिक रूप से दर्ज कर लिया गया। अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह ने 26 मई को संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर शीला रानी लोधी हत्याकांड की जांच सीबीसीआईडी को हस्तांतरित किए जाने की मांग की थी। अपने पत्र में उन्होंने कहा था कि घटना को कई महीने बीत जाने के बावजूद वास्तविक आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे पीड़ित परिवार न्याय से वंचित महसूस कर रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत पर प्रारंभिक संज्ञान लेते हुए राज्य मानवाधिकार आयोग, उत्तर प्रदेश में केस संख्या 10467/24/35/2026 दर्ज किए जाने की सूचना अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह को ई–मेल के माध्यम से भेजी है। आयोग द्वारा प्रकरण पंजीकृत होने के बाद मामले की आगे की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया जाता है कि शीला रानी लोधी की हत्या वर्ष 2025 में हुई थी। परिवार लगातार निष्पक्ष जांच और दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। मामले में अब मानवाधिकार आयोग के हस्तक्षेप के बाद पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह ने कहा कि यह केवल एक परिवार के न्याय का प्रश्न नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था और आम नागरिकों के मानवाधिकारों की सुरक्षा का भी विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आयोग के हस्तक्षेप से मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित होगी और दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने भी मानवाधिकार आयोग द्वारा मामले का संज्ञान लिए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे परिवार को अब उम्मीद की एक नई किरण दिखाई दे रही है।

## ग्राम पंचायतों में निवर्तमान प्रधान बनाए गए प्रशासक

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। ग्राम पंचायतों के सामान्य निर्वाचन–2026 के उपरांत नई ग्राम पंचायतों के गठन तक ग्राम पंचायतों के कार्यों के संचालन के लिए निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नामित किया गया है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया कि पंचायती राज विभाग के शासनादेश के अनुपालन में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त होने के बाद 27 मई से निवर्तमान ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायतों में प्रशासक के रूप में सामान्य एवं नियमित कार्यों के निर्वहन हेतु नामित किया गया है। यह व्यवस्था ग्राम पंचायतों की प्रथम बैठक की निर्धारित तिथि तक अथवा अधिकतम छह माह की अवधि तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रशासक के रूप में कार्यरत प्रधान किसी प्रकार का नीतिगत निर्णय नहीं लेंगे। यदि किसी ग्राम पंचायत में अत्यावश्यक अथवा विशेष परिस्थितियों में नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता उत्पन्न होती है, तो उसका प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा तथा स्वी.ति प्राप्त होने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में प्रधान पद रिक्त है, समिति गठित है अथवा कार्यवाहक प्रधान नामित है, उनके संबंध में पृथक से निर्देश जारी किए जाएंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक कार्यों की निरंतरता बनाए रखना तथा जनहित से जुड़े आवश्यक कार्यों को प्रभावित होने से बचाना है।

## जयसिंहपुर तहसील का लेखपाल रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो
सुल्तानपुर। जयसिंहपुर तहसील में मंगलवार को विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तैनात लेखपाल विवेक वर्मा को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पीढ़ी चौराहे के पास गिरतार कर लिया।



इस कार्रवाई से तहसील परिसर समेत पूरे राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक, एक शिकायत के आधार पर विजिलेंस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया था। जांच के दौरान लेखपाल को कथित रिश्वत की रकम के साथ पकड़ लिया गया। कार्रवाई के बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों और आम लोगों में चर्चा का माहौल बन गया। गिरतारी के बाद विजिलेंस टीम आरोपी लेखपाल को अपने साथ कूरेभार थाने ले गई। मामले में उससे पूछताछ की जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक विजिलेंस विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। इस कार्रवाई के बाद राजस्व विभाग के कर्मचारियों में खलबली मच गई है। वहीं, पूरे क्षेत्र में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई से व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और आमजन का भरोसा मजबूत होगा।

## प्रभावी पैरवी से दो अभियुक्तों को न्यायालय ने सुनाई सजा

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते दो अलग–अलग मामलों में न्यायालय द्वारा अभियुक्तों को दोषसिद्ध पाते हुए सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। थाना कोतवाली में वर्ष 2010 में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में एसीजेएम न्यायालय, इटावा ने अभियुक्त राहुल वर्मा उर्फ कबूतर निवासी पुरबिया टोला, इटावा को जेल में बिताई गई अवधि की सजा तथा 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।




वहीं थाना फ्रेंड्स कॉलोनी में वर्ष 2017 में दर्ज सड़क दुर्घटना एवं संपत्ति क्षति से संबंधित मामले में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने अभियुक्त भूपेंद्र कुमार निवासी मदनपुरा, जसवंतनगर को न्यायालय उठने तक की सजा तथा 2,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस द्वारा अपराधियों को सजा दिलाने के उद्देश्य से प्रभावी विवेचना एवं सशक्त पैरवी का क्रम लगातार जारी है। पुलिस और अभियोजन के समन्वित प्रयासों के परिणामस्वरूप मामलों का सफल निस्तारण हो रहा है तथा अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय से दोषसिद्धि सुनिश्चित की जा रही है।

## नवागंत बीएसए ने ग्रहण किया जनपद का कार्यभार

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। नवागंत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने जनपद में अपना पदभार ग्रहण किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों (डीसी) एवं



पटल सहायकों के साथ बैठक आयोजित की। बैठक में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया गया। अनिल कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की मंशानुरूप कार्यों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद में सकारात्मक एवं सहयोगात्मक कार्य वातावरण स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सतत प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

# दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज होने के बाद भी खुला घूम रहा आरोपी

## - पीड़िता ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो
बांदा। दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज होने के 10 दिन बाद भी आरोपी की गिरतारी न होने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी और उसके साथी लगातार राजीनामा का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 18 मई को गांव का ही भिल्ला पुत्र रज्जाक ने घर में अकेला पाकर उसके साथ वारदात की। मेडिकल परीक्षण के बाद आरोपी के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 127(2), 333, 61(1) के तहत 23 मई को एफआईआर दर्ज हुई। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से आरोपी और उसके लोग लगातार राजीनामा के लिए दबाव बना रहे हैं। पीड़िता ने कहा कि वह किसी भी हाल में समझौता नहीं करना चाहती और न्यायालय से सजा दिलाना चाहती है। गांव और रास्ते में आरोपी व उसके अज्ञात साथी पीड़िता व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि इलाकाई पुलिस द्वारा अभी तक अभियुक्त को गिरतार नहीं किया गया है। इससे आरोपी के हौसले बुलंद



हैं और किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका है। पीड़िता ने एसपी से मांग की है कि अभियुक्त को अविलंब गिरफ्तार करने के लिए स्पेशल पुलिस टीम गठित की जाए, जिससे उसे और उसके परिवार को सुरक्षा मिल सके।

# भूमि विवादों के समाधान को विशेष अभियान शुरू, 2660 मामलों की होगी दोबारा जांच

न्यूज वाणी ब्यूरो
फिरोजाबाद। जनपद में भूमि विवादों से जुड़ी जन–शिकायतों के पारदर्शी, प्रभावी एवं



संतोषजनक निस्तारण के लिए जिला प्रशासन ने एक माह के विशेष अभियान की शुरुआत कर दी है। यह अभियान 1 जून से 30 जून 2026 तक पूरे जनपद में संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने स्पष्ट किया है कि अभियान के दौरान केवल कागजी निस्तारण नहीं, बल्कि मौके पर जाकर वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक प्राप्त भूमि विवाद संबंधी शिकायतों में से जिन मामलों का निस्तारण तो दिखाया गया, लेकिन शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं हैं, उन सभी प्रकरणों को पुनः जांच के लिए खोला गया है। ऐसे कुल 2660 मामलों को दोबारा गहन जांच के दायरे में लिया गया है। इनमें तहसील जसराना के 832, फिरोजाबाद के 726, शिकोहाबाद के 546, सिरसागंज के 340 तथा टूंडला के 216 मामले शामिल हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि विवादित स्थलों पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें पहुंचकर स्थलीय सत्यापन करेंगी, दोनों पक्षों की बात सुनेंगी और साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष एवं स्थायी समाधान कराएंगी। जिन मामलों में शांति भंग होने की आशंका होगी, वहां पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक भूमि, तालाब, श्मशान घाट, खेल मैदान और अन्य आरक्षित भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने, पट्टा एवं आवंटन संबंधी विवादों के निस्तारण, राजस्व अभिलेखों की त्रुटियों के सुधार, रास्ता एवं चकमार्ग विवादों के समाधान, पैमाइश, वरासत और बंटवारे से जुड़े मामलों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही न्यायालयों में लंबित मामलों का विधिक स्थिति के अनुसार अंकन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अवैध कब्जा करने वाले भू–माफियाओं और दबंगों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए कहा कि प्रत्येक सप्ताह विकास खंड स्तर पर न्याय पंचायतवार ग्राम चौपालों का आयोजन कर ग्रामीणों की शिकायतें सुनी जाएंगी। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि अभियान का उद्देश्य केवल शिकायतों की संख्या कम करना नहीं, बल्कि पीड़ितों को वास्तविक न्याय दिलाना है। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा बिना मौके का निरीक्षण किए अथवा गलत तथ्यों के आधार पर शिकायत का निस्तारण पोर्टल पर दर्ज किया गया तो उसके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने जनपदवासियों से अभियान का लाभ उठाकर भूमि विवादों के स्थायी समाधान में सहयोग करने की अपील की है।

# झूठी लूट की कहानी रचने वाला वादी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। पुलिस की प्रभावी विवेचना एवं तकनीकी जांच के चलते एक ऐसे मामले का खुलासा हुआ है, जिसमें वादी ही अपराधी निकला। पुलिस ने झूठी सूचना देकर निर्दोष व्यक्तियों को फंसाने की साजिश रचने वाले एक अभियुक्त को गिरतार कर लिया है। प्रकरण थाना बढ़पुरा क्षेत्र का है, जहां 1 जून को रामपाल पुत्र करोड़ी निवासी गाति ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी पुत्री के विवाह में चढ़ाए गए जेवर उसके दामाद अभिषेक तथा अभिषेक के चाचा विजय द्वारा हड़प लिए गए हैं। शिकायत के आधार पर थाना बढ़पुरा में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस ने मामले की गहन विवेचना की। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण तथा अन्य साक्ष्यों का परीक्षण किया गया। विवेचना में शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए घटनाक्रम की पुष्टि नहीं हुई और आरोप पूरी तरह निराधार पाए गए। जांच में सामने आया कि रामपाल ने आपसी विवाद के चलते नामजद व्यक्तियों को कानूनी परेशानी में डालने के उद्देश्य से योजनाबद्ध तरीके से झूठी कहानी गढ़ी थी। उसने मिथ्या साक्ष्य तैयार कर पुलिस को भ्रमित करने तथा निर्दोष लोगों को फंसाने का प्रयास किया। पुलिस जांच के दामाद अभिषेक और विजय के विरुद्ध लगाए गए आरोप असत्य पाए



गए। सत्य सामने आने के बाद पुलिस ने रामपाल को गिरतार कर लिया। मामले में पूर्व में दर्ज धाराओं को हटाते हुए झूठी सूचना देने एवं मिथ्या साक्ष्य प्रस्तुत करने से संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है। इटावा पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल निर्दोष व्यक्तियों को झूठे आरोपों से राहत मिली, बल्कि यह भी स्पष्ट संदेश गया कि कानून का दुरुपयोग कर किसी को फंसाने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ

## - पुरुषोत्तम मास में धर्ममय वातावरण, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता

न्यूज वाणी ब्यूरो
इटावा। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर भव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 2 जून से 9 जून तक सूत मिल आईटीआई चौराहा स्थित हनुमान मंदिर के समीप उर्वशी दीक्षित के आवास पर संपन्न होगा। कथा के शुभारंभ अवसर पर समूह की सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर धार्मिक आस्था और उत्साह का परिचय दिया। संपूर्ण क्षेत्र जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान रहा, जिससे वातावरण



भक्तिमय हो उठा। आयोजन में प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य देवेश अवस्थी शास्त्री द्वारा प्रतिदिन श्रीराम कथा का रसपान कराया जाएगा। कथा का समापन 9 जून को होगा, जबकि 10 जून को विशाल भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यदायी और श्रेष्ठ माना जाता है। यह माह भगवान विष्णु को समर्पित होता है तथा इसे अधिक मास भी कहा जाता है। इस दौरान पूजा–पाठ, धार्मिक अनुष्ठान एवं सत्संग का विशेष महत्व बताया गया है। जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली की सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में बढ़–चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में कोऑर्डिनेटर क्षमा दीक्षित, अध्यक्ष विमल शर्मा, हेनु वर्मा, मीनाक्षी सक्सेना, उर्वशी दीक्षित, मालती दीक्षित, मनोरमा पोरवाल, कमलेश शर्मा, उषा भदौरिया, सपना, शारदा दीक्षित, निशा गुप्ता, ममता कोस्टा, आरती, उमा तिवारी, शशि मिश्रा, नीलम, कमल एवं शिवी दीक्षित सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। धार्मिक आस्था, सेवा भावना एवं सामाजिक एकता का संदेश देने वाला यह आयोजन क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## बिना वैध लाइसेंस संचालित क्लीनिकों की जांच की उठी मांग

### – संस्था ने चिकित्सा प्रभारी सीएचसी चरदा को सौंपा शिकायती पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो
बहराइच। चरदा क्षेत्र में कथित रूप से बिना वैध लाइसेंस संचालित क्लीनिक एवं हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज हो गई है। एक सामाजिक संस्था की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के चिकित्सा प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपकर कई निजी क्लीनिकों एवं फार्मेसियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। संस्था द्वारा दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र में कुछ क्लीनिक एवं हॉस्पिटल बिना आवश्यक पंजीकरण, वैध लाइसेंस एवं चिकित्सकीय मानकों के संचालित किए जा रहे हैं, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि कुछ स्थानों पर कथित रूप से भ्रूण हत्या जैसे गंभीर अपराध भी आम होने की बात सामने आ रही है। शिकायत में जिन संस्थानों का नाम शामिल है उनमें इंडिया पाली क्लीनिक निम्नहारा चौराहा, अनु फार्मेसी नूरी चौराहा, हारून फार्मेसी नूरी चौराहा, नूर आलम क्लीनिक इटावा तथा अशोक कुमार वर्मा का हॉस्पिटल बैदौरा चौराहा शामिल हैं। संस्था ने मांग की है कि संबंधित संस्थानों के दस्तावेज, लाइसेंस एवं संचालन संबंधी अनुमति पत्रों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। यदि कोई संस्थान बिना वैध अनुमति के संचालित पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को सुरक्षित एवं मानक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। इस मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है तथा लोग स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

## ट्रांसफार्मर में लगी आग, सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति ठप

न्यूज वाणी ब्यूरो
नजीबाबाद, बिजनौर। एसडीएम आवास के बाहर लगे बिजली ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। ट्रांसफार्मर से उठती लपटों और धुएं को देखकर आसपास के लोगों में अफरा–तफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी



मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आग लगने की घटना के बाद क्षेत्र के सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मर की जांच और बिजली आपूर्ति बहाल करने के कार्य में जुट गए हैं। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## जमानिया रेलवे स्टेशन दिल्ली हावड़ा मार्ग भारत का सबसे व्यस्त रूट

न्यूज वाणी ब्यूरो
गाजीपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग से लगभग 50 किलोमीटर दूर जमानिया रेलवे स्टेशन राजस्व के मामले में अन्य स्टेशनों से आगे है। यहां पर चंदौली जिला, सदर तहसील करण्डा क्षेत्र, बिहार और जंगीपुर विधानसभा से लोग आवागमन करते हैं, लेकिन यहां ट्रेन का अभाव है, मुगलसराय से प्रातः 9.05 मिनट के बाद 3.35 मिनट ट्रेन है। जिससे लोगों को समय की बर्बादी और काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। टिकट काउंटर एक होने के कारण सुबह के समय ट्रेन छूट जाती है, शुद्ध पानी की व्यवस्था नही है। ट्रेन का अभाव है स्थानीय लोगों ने निम्न ट्रेन ठहराव की मांग की है। जनपद से भाजपा राज्यसभा सांसद डॉ संगीता बलवंत जमानिया के लोगों के कई वर्षो से मांग को देखते हुए दानापुर मण्डल के क्षेत्रीय रेल प्रबंधक को पत्र लिख कर जमानिया में निम्न रेल ठहराव की मांग की है,जिससे कई क्षेत्रों को इससे रेल यात्रा में इसका लाभ हो। जमानिया में ट्रेन नम्बर 15657/15658 ब्रह्मपुत्र मेल, 12295/12296 संघमित्रा एक्सप्रेस, 12367/12368 विक्रमशिला एक्सप्रेस, 12435/12436 गरीब रथ, 12393/12394 सम्पूर्ण क्रान्ति एक्सप्रेस, 13041/13042 हिमगिरि एक्सप्रेस आदि ट्रेन और सुविधाओं की मांग की है। दिलदारनगर जंक्शन से गाजीपुर सिटी के लिए लम्बी दूरी का ट्रेन जो मुगलसराय से दिल्ली हावड़ा रूट तक हो। गहमर सैनिक बाहुल्य गाँव है अहमदाबाद और बरौनी के मध्य और स्टेशन पर शुद्ध जल की व्यवस्था हो।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई बाइक, दो युवक गंभीर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/चांदपुर, बिजनौर। चांदपुर–हस्तिनापुर मार्ग पर जलीलपुर ब्लॉक स्थित शराब हट्टी के निकट मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित ट्रैक्टर–ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सड़क किनारे लगा विद्युत पोल भी क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को डायल 108 एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ भिजवाया। घायल युवकों की पहचान अमरोहा जनपद के मंडी धनौरा क्षेत्र के ग्राम नारनौर माफी निवासी के रूप में हुई है। पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी हुई है तथा मामले की जांच कर रही है।

# खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग, लाखों की गृहस्थी राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत के ग्राम पंचायत महोखर (जयराज) मोहल्ला में मंगलवार की सुबह मालती पत्नी श्रीराम प्रजापति अपने कमरे में सुबह करीब 9 बजे खाना बना रही थी,तभी अचानक से एचपी गैस के सिलेंडर मे आग लग गई जिससे गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया है। इस घटना में गृह स्वामी का करीब 2 लाख रुपए तक का नुकसान हो गया है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड व पुलिस मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड व पुलिसकर्मियों ने आग बुझाई तब तक गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो चुका था। वही घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे राजस्व विभाग की टीम ने नुकसान का आकलन किया है, पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दिलाये जाने का आश्वासन दिया है। वही पीड़ित श्रीराम प्रजापति गृहस्वामी ने जानकारी देते हुए कहा है आगजनी मे जिसमें गेहूं 13 कुंतल, चावल 2 कुंतल, सरसों 4 कुंतल, अरहर व आलमारी व बक्से में रखा जरूरी कागजात, जेवरात, सहित अन्य समान जलकर राख हो गया है।



# रोडवेज बस ने वृद्ध को कुचला, मौके पर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। थाना कोतवाली रुपईडीहा अंतर्गत ग्राम दुर्गापुर में आज सुबह लगभग 6.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार बाबाकुट्टी (कलवारी) निवासी 46 वर्षीय मोबीन अली पुत्र हसनू ग्राम दुर्गापुर में गुलाम रसूल के घर के सामने मौजूद थे। तभी नानपारा की ओर से रुपईडीहा की तरफ आ रही रुपईडीहा डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 78 एनएच 3823 के चालक ने अपने वाहन को अत्यंत तेज गति, लापरवाही और अनियंत्रित तरीके से चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर के कारण मोबीन अली की मौके पर ही तड़प–तड़प कर मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। मृतक के पुत्र मो० आवैस ने कोतवाली रुपईडीहा में आरोपी रोडवेज बस चालक के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने, हेतु लिखित प्रार्थना पत्र दिया जिस पर स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के पश्चात परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौंप दिया, और मामले की जांच व आगे की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने जिला कारागार का संयुक्त रूप से कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ–सफाई आदि का जायजा लेने के उद्देश्य से सम्पूर्ण कारागार का निरीक्षण किया। विशेष रूप से डीएम व एसपी ने पाकशाला का निरीक्षण कर बन्दियों के लिए तैयार किये जा भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार के निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। डीएम ने बन्दियों के लिए संचालित प्रशिक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि इच्छुक बन्दियों को प्रशिक्षण दिलाया जाय। इस अवसर पर करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर रंजीत सिंह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# 30 जून तक धारा-163 लागू, कानून व्यवस्था बनाए रखने निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। आगामी त्योहारों, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश पूरे जनपद में 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट बिपिन कुमार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व रक्तदान दिवस, मोहर्रम तथा जून माह में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के .ष्टिगत शांति व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। गोपनीय सूचनाओं के आधार पर किसी भी संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। निषेधाज्ञा के तहत पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के अवैध रूप से एकत्र होने पर प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति हथियार, लाठी–डंडे, चाकू, विस्फोटक सामग्री अथवा अन्य घातक वस्तुएं लेकर चलना प्रतिबंधित रहेगा। सार्वजनिक स्थानों पर शस्त्रों के प्रदर्शन पर भी रोक लगाई गई है। आदेश में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से भ्रामक, भड़काऊ अथवा अफवाह फैलाने वाली सामग्री प्रसारित करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। किसी भी वर्ग, समुदाय अथवा समूह के बीच वैमनस्य फैलाने वाले संदेशों के प्रसारण को दंडनीय माना जाएगा। प्रशासन ने सड़क, रेल तथा सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को बाधित करने, जबरन बाजार, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा अन्य संस्थान बंद कराने तथा जाति आधारित राजनीतिक रैलियों के आयोजन पर भी प्रतिबंध लगाया है। जून माह में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं को देखते हुए परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष प्रतिबंध लागू किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में अनधि.त व्यक्तियों के एकत्र होने पर रोक रहेगी, जबकि परीक्षा अवधि के दौरान आसपास की फोटोस्टेट दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ एवं अन्य संचार उपकरणों के प्रवेश पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा–223 के अंतर्गत दंडनीय अपराध माना जाएगा। जनपदवासियों से शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई है।

# अखंड रामायण, सुंदरकांड पाठ व भंडारों से राममय हुआ शुकुल बाजार

## - भंडारों के पंडालों से सजा दिखा शुकुलबाजार, धार्मिक आयोजनों की रही धूम

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार के अवसर पर शुकुल बाजार क्षेत्र पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। क्षेत्र के विभिन्न गांवों, चौराहों और धार्मिक स्थलों पर अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ, श्री सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज एवं विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों और आयोजन स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।



सुंदरकांड पाठ के दौरान भजनों और चौपाइयों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा क्षेत्र राममय हो उठा। गायत्री नगर चौराहे पर बड़े बाबा ब्रह्मदेव के स्थान पर हंसराज पाल, गिरधारी मौर्य, अजय शर्मा, दीपक पाठक, प्रकाश सहित अनेक श्रद्धालुओं के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां हजारों श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं पूरे शुक्लन गांव स्थित मां भवानी धाम पर श्री सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज और भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारों के पंडालों से सजा क्षेत्र, देर शाम तक चलता रहा प्रसाद वितरण हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, जुटे जनप्रतिनिधि व समाजसेवी क्षेत्र के उद्योगपति महेंद्र विजय सिंह द्वारा अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरीश चंद्र शुक्ला, पं. राम उजेरे शुक्ला, चंद्रमौली सिंह, युवा समाजसेवी भावी विधायक जगदीशपुर रोहित पासी, जिला उपाध्यक्ष व भावी विधायक जगदीशपुर उपमा सरोज, जिला उपाध्यक्ष हिंदेश सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा मवैया चौराहे पर सुरेश गुप्ता, तिवारीपुर चौराहे पर राजेंद्र शुक्ला उर्फ लाल तथा इन्हौना रोड पर अनुज शर्मा एवं अन्य व्यापारियों के सहयोग से विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। देर शाम तक श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण का क्रम जारी रहा। बड़े मंगलवार के अवसर पर क्षेत्र का लगभग हर प्रमुख चौराहा, गांव और बाजार भंडारों एवं धार्मिक आयोजनों से सजा दिखाई दिया। श्रद्धालुओं का कहना था कि वर्षों बाद इतनी व्यापक स्तर पर ध ाार्मिक आयोजनों की छटा देखने को मिली। पूरे दिन भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे शुकुल बाजार क्षेत्र पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

# पंचायतों में आरक्षण से विकसित हुई आत्मविश्वास व निर्णय क्षमता : हर्षिता

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व शोध प्रबंध प्रस्तुत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी महाविद्यालय के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ तथा विभागीय शोध समिति के तत्वावधान में सेमिनार हाल में सम्पन्न हुई जिसमें महाविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी व छात्र–छात्राएं आदि उपस्थित रहे। संगोष्ठी में कला संकाय के राजनीति विज्ञान विभाग की शोधार्थिनी हर्षिता जोशी ने अपने शोध शीर्षक पंचायती राज में अनुसूचित जाति की महिलाओं का सशक्तिकरण के देवकली ब्लॉक का एक अध्ययन नामक विषय पर अपना शोध प्रबन्ध व उसकी विषय– वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम सिद्ध हुई है। 73 वें संविधान संशोधन के पश्चात महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधि ात्व प्राप्त हुआ, जिससे उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन में महत्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं। जनपद के देवकली ब्लॉक के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि पंचायतों में आरक्षण ने अनुसूचित जाति की महिलाओं को नेतृत्व, आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता प्रदान की है। हालांकि अशिक्षा, आर्थिक निर्भरता, सामाजिक रूढ़ियाँ तथा प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व जैसी समस्याएँ अभी भी मौजूद हैं, फिर भी यह कहा जा सकता है कि पंचायती राज व्यवस्था ने अनुसूचित जाति की महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यदि उचित प्रशिक्षण, शिक्षा और संस्थागत सहयोग उपलब्ध कराया जाए तो ये महिलाएँ ग्रामीण विकास और लोकतंत्र की मजबूती में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकती हैं। इस प्रकार पंचायती राज व्यवस्था सामाजिक न्याय, समानता और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों की प्राप्ति का एक सशक्त माध यम है। प्रस्तुत शोध मेंअनुसूचित जाति की महिलाओं के प्रभावी सशक्तिकरण के लिए कुछ सुझाव भी दिए गए जैसे महिला प्रतिनिधि ायों के लिए नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ, पंचायत प्रशासन और वित्तीय प्रबंधन की जानकारी प्रदान की जाए, महिला शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाए, स्वयं सहायता समूहों को मजबूत बनाया जाए, महिलाओं के विरुद्ध सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने हेतु जागरूकता अभियान चलाए जाएँ, पंचायत बैठकों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए, प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जाए, सरकारी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तुतीकरण के बाद विभागीय शोध समिति, अनुसंध ाान एवं विकास प्रकोष्ठ व प्राध यापकों तथा शोधार्थियों द्वारा शोध ा पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे गए जिनका शोधार्थीनि हर्षिता जोशी ने संतुष्टिपूर्ण एवं उचित उत्तर दिया। तत्पश्चात्त समिति चेयरमैन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने शोध प्रबंध को विश्वविद्यालय में जमा करने की संस्तुति प्रदान किया। इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो० (डॉ०) जी० सिंह, शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग प्रोफेसर (डॉ०) सुनील कुमार, प्रो०(डॉ०) मोहम्मद आबिद अंसारी, डॉ आलोक रंजन श्रीवास्तव, डॉ०आनंद कुमार सिंह,



प्रो०(डॉ०) अरूण कुमार यादव, डॉ०राम दुलारे, डॉ० अंजनी कुमार गौतम, डॉ०प्रदीप वर्मा, डॉ० सुशील कुमार सिंह, डॉ० राकेश वर्मा, डॉ० रविशंकर सिंह, डॉ० संजय चतुर्वेदी, डॉ० कमलेश, श्याम सुंदर और शोएब अहमद सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा शोधार्थी आदि उपस्थित रहे। अन्त में शोध निर्देशक एवं विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग प्रोफेसर (डॉ०) सुनील कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो०(डॉ०) जी० सिंह ने किया।

# रॉयल फ़ैमिली ऑफ़ अवध ने 275 साल बाद फिर शुरू की ‘बड़े मंगल’ के भंडारे की परंपरा

न्यूज वाणी ब्यूरो/लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की ऐतिहासिक गंगा–जमुनी तहज़ीब को कायम



रखते हुए श्रॉयल फ़ैमिली ऑफ़ अवधश (अवध के शाही परिवार) द्वारा ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा हज़रतगंज स्थित 110, बहादुर हाउस के बाहर आयोजित हुआ, जहां सुबह से लेकर शाम 6 बजे तक हज़ारों श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। मन्नत पूरी होने पर शुरू हुई थी परंपरा इतिहास के पन्नों को पलटते हुए रॉयल फ़ैमिली ऑफ़ अवध के महासचिव शिकोह आज़ाद ने बताया कि लखनऊ में बड़े मंगल के भंडारे की शुरुआत का इतिहास बेहद दिलचस्प और आपसी सौहार्द का प्रतीक है। इस परंपरा की शुरुआत काशी नरेश की पुत्री छत्तर कुंवर जी (जो बाद में नवाब से निकाह के बाद श्बेगम आलियाश के नाम से मशहूर हुईं) ने की थी। बेगम आलिया ने अलीगंज के प्राचीन हनुमान मंदिर मेंकृजिसका निर्माण स्वयं अवध के नवाब ने कराया था मन्नत मांगी थी कि यदि उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति होगी, तो वह भंडारा कराएंगी। भगवान ने उनकी मुराद पूरी की और उन्हें एक पुत्र हुआ, जिनका नाम नवाब आसिफुद्दौला रखा गया। प्यार से लोग उन्हें श्नवाब मंगलूश भी कहते थे। मन्नत पूरी होने की खुशी में बेगम आलिया ने यह ऐलान किया था कि हर साल ज्येष्ठ महीने के पहले मंगलवार को भंडारा किया जाएगा, जिसमें सुबह से शाम तक शरबत और पूड़ी–सब्जी का वितरण होगा। 275 साल बाद बुजुर्गों की याद में पुनरावृत्ति महासचिव शिकोह आज़ाद ने बताया कि अपने बुजुर्गों की इसी महान और धर्मनिरपेक्ष परंपरा को याद करते हुए, रॉयल फ़ैमिली ऑफ़ अवध ने करीब 275 साल बाद 2 जून 2026 को इसे पुनः भव्य रूप में शुरू किया है। सुबह से शुरू हुए इस भंडारे में सभी कौम और धर्मों के लोगों ने बेहद उत्साह के साथ प्रसाद ग्रहण किया और श्नवाबीन–ए–अवधश (अवध के नवाबों) की इस अनूठी पहल की दिल खोलकर सराहना की। सौहार्द का माहौल, गले मिलकर दी मुबारकबाद भंडारे के मुख्य आयोजक नवाब अली अश्तर ने कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्वयं अपने हाथों से लोगों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय जनता ने भंडारे में पहुंचकर नवाब परिवार के सदस्यों को गले लगाकर इस ऐतिहासिक पहल के लिए मुबारकबाद दी। कई गणमान्य हस्तियां रहीं मौजूद इस ऐतिहासिक और रूहानी आयोजन के मौके पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे रॉयल फ़ैमिली के सदस्यरू अली अश्तर, मन्जर सय्यदैन, नवाब फिरोज आगा, नवाब अस्करी ज़ैदी। विशिष्ट अतिथि हज कमेटी के सदस्य नवाब कल्बे हुसैन, पूर्व बैंक गवर्नर के सुरक्षा अधिकारी जफर अब्बास, बैंक ऑफ इंडिया की शाखा प्रबंधक गरिमा सिंह मीडिया व अन्य क्षेत्रों सेरू मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के सचिव भारत सिंह, डायरेक्टर दिनेश सहगल, भरत दीक्षित, चेतना पाण्डेय, नीरू पाण्डेय और स्वामी सारंग शाम को भंडारे के समापन पर रॉयल फैमिली के सदस्यों ने इस परंपरा को आगे भी इसी तरह पूरी श्रद्धा और सौहार्द के साथ जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। पर्यवरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत वन विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को कीरत सागर तट पर स्कूली बच्चों की निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता कें शहर के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग कर पर्यावरण संरक्षण विषय



पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन कर निबंध लिया। निबंध प्रतियोगिता दौरान जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्य ने बच्चों को पर्यावरण से संबन्धित जानकारी दी। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी राजू श्रीवास, वन दरोगा चंद्रप्रकाश, पुष्पेंद्र कुमार सहित वन विभाग के अन्य लोग मौजूद रहे। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले और अन्य प्रतिभागियों को 25 जून को एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

# खरीफ फसलों के बीज की बुकिंग शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो




महोबा। जिला कृषि अधिकारी दुर्गेश कुमार सिंह ने जनपद के किसानों अवगत कराया है कि खरीफ सीजन में बोई जाने वाली विभिन्न फसलों के बीज राजकीय .षि बीज गोदामों पर उपलब्ध कराए जा रहे है। इनमें मूंग, उड़द, अरहर, तिल, मूंगफली, सोयाबीन, धान तथा ऊंचा जैसी फसलों के बीज शामिल हैं। उन्होंने बताया कि .षि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत राज्य एवं केन्द्र सरकार के सहयोग से किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके अलावा दलहन एवं तिलहन फसलों के निरू शुल्क मिनीकिट भी वितरित किए जा रहे हैं। साथ ही संकर ज्वार,संकर बाजरा और संकर मक्का के बीजों की बुकिंग भी शुरू कर दी गई है। जिला .षि अधिकारी के अनुसार .षि विभाग के दर्शन पोर्टल–1 पर बीज बुकिंग प्रक्रिया 22 अप्रैल से प्रारम्भ हो चुकी है। किसान निर्धारित लक्ष्य एवं बीज की उपलब्धता तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं तो लाभार्थियों का चयन ई–लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। उन्होंने जनपद के किसानों से अपील की है जो किसान खरीफ सीजन के लिए मूंग, उड़द, अरहर, तिल, मूंगफली, सोयाबीन, धान एवं अन्य फसलों के बीज प्राप्त करना चाहते हैं वे समय रहते .षि विभाग के दर्शन पोर्टल–1 पर अपनी बुकिंग सुनिश्चित करा लें।

# तहसील प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

चरखारी, महोबा। डीएम गजल भारद्वाज के आदेश पर एसडीएम धीरेन्द्र कुमार के निर्देश पर तहसीलदार आरएन मिश्रा व ईओ अमरजीत के मार्गदर्शन पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। तहसील के सामने गुलाल सागर पहाड़ के नीचे हो रहे सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, कुछ अतिक्रमणकारियों द्वारा निर्माणधीन नींव डाली उससे नगरपालिका परिषद चरखारी की जेसीबी मशीन से हटवाया गया। तहसीलदार आरएन मिश्रा ने लेखपाल एवं नगर पालिका के कर्मचारियों से कहा कि वार्डवार सर्वे कर सरकारी मैदान, पटरी नाला, नालियों एवं जल सौत्र नाला पोखर से अतिक्रमण हटवायें, एवं अतिक्रमण न हटाने वाले के विरुद्ध मुकदमे दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



# उड़ान संस्था के भंडारे में महिलाओं ने संभाली कमान, उमड़े श्रद्धालु

न्यूज वाणी ब्यूरो/लखनऊ, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था उड़ान के तत्वावधान में आज दोपहर महालक्ष्मी मार्केट चांदन रोड



इंदिरा नगर, लखनऊ में ज्येष्ठ मास के पांचवें बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित बड़ा मंगल भंडारे में महिलाओं ने श्रद्धालु भक्तों में प्रसाद वितरित किया। प्रातरूकाल हनुमत स्मरण के साथ सुंदरकांड का पाठ हुआ। इस अवसर पर उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह और सचिव नरेंद्र यादव ने हनुमानजी की पूजा–अर्चना कर भोग लगाया। भंडारे में उड़ान समूह की सभी महिलाओं ने बजरंगबली का प्रसाद पूड़ी–सब्जी, छोला–चावल, मट्ठा, बूंदी, सेब और केले का वितरण श्रद्धालु भक्तों और जरुरतमंदों में किया।

# पंचम मंगलवार पर सिंचाई विभाग में हुआ शर्बत वितरण

## – श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ज्येष्ठ माह के पंचम मंगलवार के अवसर पर सिंचाई विभाग ड्राइंग स्टाफ एसोसिएशन जनपद शाखा की ओर से नहर कॉलोनी गेट नंबर–2 पर शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभागीय कर्मचारियों, स्थानीय नागरिकों एवं श्रद्धालुओं



ने शर्बत रूपी प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर संगठन के संरक्षक सुभाष चंद्र, जनपदीय अध्यक्ष राकेश कुमार, जनपद सचिव आशीष कुमार श्रीवास्तव, जनपद उपाध्यक्ष मनोज सिंह, जनपद कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सहित प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सोनक गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में राममिलन, बृजेश कुमार, बिहारी एवं संजीव सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले मंगलवार का धार्मिक और सामाजिक .ष्टि से विशेष महत्व है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राहगीरों, कर्मचारियों एवं श्रद्धालुओं को शीतल पेय शर्बत वितरित कर सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने भीषण गर्मी में राहत पहुंचाने के इस प्रयास की सराहना की। शर्बत वितरण कार्यक्रम में सिंचाई विभाग के अनेक कर्मचारी, स्थानीय जनमानस एवं भक्तजन शामिल हुए। सभी ने प्रसाद स्वरूप शर्बत ग्रहण कर आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन का माहौल धार्मिक आस्था, सेवा भावना और सामाजिक सद्भाव से परिपूर्ण रहा। सिंचाई विभाग से जुड़े पदाधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिल सके।

# कॉलेज की नई प्रबंध समिति का गठित, पीयूष खन्ना बने प्रबंधक

## - आम सभा की बैठक में निर्वाचन सम्पन्न, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। स्वामी चन्द्रदास इंटर कॉलेज हसवा की प्रबंध समिति के निर्वाचन हेतु आयोजित आम सभा की बैठक में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नई कोर कमेटी का गठन किया गया। निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में सम्पन्न चुनाव में आम सभा के सदस्यों ने मतदान कर विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद पीयूष खन्ना को प्रबंधक, रामशरण सिंह सेंगर को अध्यक्ष, सीता कक्कड़ को उपाध्यक्ष, राजेंद्र मेहरोत्रा को उप प्रबंधक तथा राजीव मेहरोत्रा को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं कार्यकारिणी कोर सदस्य के रूप में किशन मेहरोत्रा, सुधीर श्रीवास्तव, भरत मान सिंह, सुरेंद्र सिंह भदौरिया, प्रशांत श्रीवास्तव, नीरज कक्कड़ एवं सुशील कुमार साहू को चुना गया। चुनाव परिणाम की घोषणा होते ही आम सभा के सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का पुष्पहार पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रबंधक पीयूष खन्ना ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण करने के बाद कहा कि




वह पूरी टीम के साथ मिलकर कॉलेज के शैक्षिक, भौतिक एवं प्रशासनिक विकास के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदीप खन्ना, अपर्णा मेहरोत्रा, पंकज कक्कड़, शरद कक्कड़, रूपकमल टंडन, मनोज केसरवानी, आलोक सिंह सहित आम सभा के अनेक सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# नवांगत बीएसए का शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने किया स्वागत

## – शिक्षकों के साथ न्यायपूर्ण व पारदर्शी कार्यप्रणाली को दी जाएगी प्राथमिकता : प्रिंसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की नवांगत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्य के पदभार ग्रहण करने के बाद बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने कार्यालय पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की और गुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान व स्वागत किया। संगठन के पदाधिकारियों ने बीएसए को शुभकामनाएं देते हुए जनपद की शैक्षिक व्यवस्थाओं व शिक्षकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीचन्द्र, अरविन्द कुमार शुक्ला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष उमा त्रिवेदी, आकृति मिश्रा, इशरत फातिमा, दुर्गेश श्रीवास्तव, रामदत्त शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल को संबोधित करते हुए बीएसए प्रिंसी मौर्य ने कहा कि जनपद में शिक्षकों के साथ न्यायपूर्ण व पारदर्शी कार्यप्रणाली को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होने आश्वस्त किया कि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय या शोषण नहीं होने दिया जाएगा। विभागीय कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखी जाएगी। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने बीएसए के विचारों का स्वागत करते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में बेसिक शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित व न्यायसंगत समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।



# गंदे पानी से त्रस्त विजयीपुर के किसानों का फूटा गुस्सा

## - डीएम को सौंपा ज्ञापन, समस्याओं के समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। विजयीपुर क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या और विकास कार्यों की अनदेखी से परेशान किसानों ने मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बैनर तले जिलाधिकारी से मुलाकात कर विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की मांग उठाई। जिला संगठन मंत्री धनंजय सिंह के नेतृत्व में किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए क्षेत्र की नहर, नाला, सड़क, जल निकासी, पुलिया निर्माण, पेयजल व्यवस्था और खाद उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं को तत्काल दूर कराने की मांग की। किसानों ने अधिशासी अभियंता प्रखंड निचली गंगा नहर को दिए गए ज्ञापन में निहालपुर से गनही तक नाले की सफाई एवं खुदाई कराने, चौली से कहरिया स्थित शीतला माता मंदिर तालाब तक नाले का निर्माण कराने, ग्राम कठरिया



में क्षतिग्रस्त पुलिया का पुनर्निर्माण कराने तथा तक्कीपुर क्षेत्र में नहर के समीप नई पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग रखी। इसके अलावा पौली से छीपनपुरवा (गढ़वा) होते हुए नक्कीपुर तक कहरिया माइनर के किनारे डामर सड़क निर्माण कराने की भी मांग की गई। जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में ग्राम सभा बरैची, ब्लॉक विजयीपुर की गंभीर समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। किसानों का कहना था कि गांव में तालाब न होने के कारण जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे गंदा पानी गांव में जमा रहता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है तथा ग्रामीणों को संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है। किसानों ने गांव में तीन नए रिबोर कराए जाने, जर्जर हो चुकी आरसीसी सड़क के पुनर्निर्माण तथा किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने की भी मांग की। पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस दौरान भाकियू के युवा ब्लॉक अध्यक्ष भगत सिंह सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

# सांसद व ब्लॉक प्रमुख को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। सांसद जितेन्द्र दोहरे एवं महेवा ब्लॉक की ब्लॉक प्रमुख पवित्रा दोहरे को उनकी वैवाहिक वर्षगांठ के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों एवं समर्थकों द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। इस अवसर पर लोगों ने दंपति के सुखमय, समृद्ध एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य के




लिए प्रार्थना की। शुभकामना संदेशों में कहा गया कि दोनों जनप्रतिनिधियों ने जनसेवा, विकास कार्यों एवं सामाजिक सरोकारों के माध्यम से क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान स्थापित की है। सांसद जितेन्द्र दोहरे निरंतर जनहित के मुद्दों को संसद में उठाकर क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं, वहीं ब्लॉक प्रमुख पवित्रा दोहरे ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनकी कार्यशैली एवं जनसेवा के प्रति समर्पण भाव के कारण उन्हें क्षेत्र में व्यापक सम्मान प्राप्त है। वैवाहिक वर्षगांठ के इस शुभ अवसर पर शुभचिंतकों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि यह दंपति सदैव खुशहाल रहे, जीवन में निरंतर प्रगति के नए आयाम स्थापित करे तथा समाज और क्षेत्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहे। क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने दोनों को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक बधाई देते हुए उनके सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

# ब्लॉक प्रमुख ने पंचमुखी हनुमान मंदिर में कराया सुंदरकांड पाठ

## - हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर मे एंराया ब्लॉक प्रमुख ने मंगलवार को संग्रामपुर सानी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में भव्य



सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ अर्जित किया।

सुबह से ही मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और सजावट किया गया। ब्लॉक प्रमुख अनुज प्रताप सिंह ने मुख्य यजमान के रूप में विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सामूहिक सुंदरकांड पाठ शुरू हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ सहभागिता की। संगीतमय चौपाइयों और हनुमान जी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर महाआरती की गई तथा क्षेत्र की सुख–समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की गई। धार्मिक अनुष्ठान के बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह ने स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर भंडारे की शुरुआत की। संग्रामपुर सानी सहित आसपास के कई गांवों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भंडारे का आयोजन सुचारू रूप से चलता रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बनी रही। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने ब्लॉक प्रमुख अनुज सिंह के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र में सद्भाव और आस्था को बढ़ावा देने वाला आयोजन बताया। इस अवसर पर समाजसेवी राम बाबू त्रिपाठी, अविनाश द्विवेदी, पप्पू तिवारी, पप्पू अग्रहरी, विवेक पाठक, ननकू पाल सहित क्षेत्र के महिलाएं और बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। इसी प्रकार अकोदिया धाम बालाजी सरकार के मंदिर में महाआरती के बाद भक्तों ने प्रसाद के रूप में लिया। इस मौके पर उमेश केसरवानी, रोहित गुप्त, महेंद्र गुप्त, कुलदीप तिवारी, बच्चन सिंह रहे। वहीं विजयीपुर ब्लॉक के पहाड़पुर गांव में ग्रामीणों और बजरंग भक्तों ओर से अखंड रामायण के बाद प्रसाद वितरित हुआ। इस मौके पर राजीव त्रिवेदी, प्रमोद मौजूद रहे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री दैव्यांशी का जन्म प्रमाण पत्र सं0 NPFB .2012.03980 दिनांक 15.10. 2012 को नगर पालिका परिषद द्वारा जारी किया गया था । जिसमें भूलवश पुत्री का नाम दैव्यांशी दर्ज हो गया है जबकि पुत्री का सही नाम स्वर्णिमा भारती है तथा माता का नाम भी गलती से विमलेश सरोज दर्ज हो गया है जबकि माता का सही नाम विमलेश है। इस कारण भविष्य में अत्यधिक परेशानिया उत्पन्न हो सकती लिहाजा उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का सही नाम स्वर्णिमा भारती तथा माता का सही नाम विमलेश अंकित करके जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन किया जाना न्यायहित में जरूरी है। विमलेश पत्नी नीलम कुमार सरोज निवासी 907, आदर्शनगर प्रधान डाक घर तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

यह यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/प्रार्थनी थैरूल पत्नी वसीर, निवासी म न – 1030, मोहल्ला सात आना चौहान, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री/पुत्र शमीमअली बसीरअली कुरैसी पुत्र बसीरअली का (जन्म दिनांक– 20/06/1982) को निजी आवास में ही हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद–विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी थैरूल पत्नी वसीर पता– म न – 1030, मोहल्ला सात आना चौहान, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) 212661.

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता सुखराज पुत्र मुन्नू की मृत्यु दिनांक 14/06/2006 को निज निवास शाखा गाँव में घर पर हो गयी थी। अज्ञानतावश किसी भी सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था से मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवाया था। अब मृत्यु प्रमाण पत्र की जरुरत है न्यायहित में मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया जाना जरूरी है। चंद्रपाल पुत्र सुखराज निवासी ग्राम व पोस्ट शाखा विकास खंड बहुवा तहसील व जिला फतेहपुर।

# भावुक माहौल में स्थानांतरित बीएसए को दी विदाई

## - नई बीएसए प्रिंसी मौर्या का हुआ भव्य स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान परिसर में मंगलवार को जनपद की पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी के सम्मान एवं विदाई समारोह तथा नवागत बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रिंसी मौर्या के स्वागत कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद भर के सैकड़ों शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी, बीएसए कार्यालय एवं डायट स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों और अधिकारियों ने भारती त्रिपाठी की कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना की। जनगणना कार्य में व्यस्तता के बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षक अपने पूर्व अधिकारी को विदाई देने के लिए पहुंचे, जिससे समारोह भावनात्मक और यादगार बन गया। समारोह में उपस्थित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, शिक्षक प्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और सम्मान प्रतीक भेंट कर पूर्व बीएसए को सम्मानित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि भारती त्रिपाठी ने अपने कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था



को सु.ढ़ बनाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए तथा शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया। डायट प्राचार्य आरती गुप्ता ने कहा कि भारती त्रिपाठी के साथ कार्य करने का अनुभव अत्यंत सुखद रहा है। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि भविष्य में पुनः उनके साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हो। खंड शिक्षा अधिकारी नरेन्द्र सिंह, राजेश कटियार, रजनीश श्रीवास्तव, हौसला प्रसाद, दीप्ती रिछारिया, प्रवीण शुक्ल, पवन द्विवेदी और रत्नामणि मिश्रा ने अपने–अपने अनुभव साझा किए। शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय त्रिपाठी ने भी भारती त्रिपाठी के कार्यकाल को सराहा। संचालन अनुराग मिश्र ने किया। इस अवसर पर दिग्विजय सिंह, शशि भूषण त्रिपाठी, सीपी शुक्ल, सुनील अग्निहोत्री, सारिका तिवारी, अलका रानी, प्रियंका दीक्षित, आलोक यादव, उमेश मौर्य, सुभाष मौर्य, अमरेंद्र कुमार, सौरभ श्रीवास्तव, मनीष दीक्षित, आदित्य पाण्डेय, अजमल नामूद, अरविन्द पटेल, बदरुद्दीन, राजेश त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ल, उमा शंकर शुक्ल आदि रहे।

# युवती ने डॉक्टर समेत कई पर लगाए आरोप, मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो/धामपुर, बिजनौर। हबीबपुर के एक नर्सिंग होम से जुड़ा मामला सामने आया है, जहां एक युवती ने डॉक्टर और अन्य लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने धर्म परिवर्तन कराने और शादी का झांसा देने जैसे आरोप भी लगाए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में आरोपी डॉक्टर फैजान को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जांच पूरी होने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।






# सीएम युवा स्वरोजगार योजना में करें आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के बेरोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए अच्छी खबर है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में नए उद्यम स्थापित करने हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र ने पात्र युवाओं से ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे युवाओं को मिलेगा, जिन्होंने कम से कम हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो और स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हों। इच्छुक अभ्यर्थी निवेश मित्र पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत विनिर्माण क्षेत्र में 25 लाख रुपये तक तथा सेवा क्षेत्र में 10 लाख रुपये तक की परियोजनाओं के लिए ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। लाभार्थियों को नियमानुसार 5 से 10 प्रतिशत तक स्वयं का अंशदान करना होगा। इसके साथ ही परियोजना लागत पर 25 प्रतिशत तक अनुदान भी दिया जाएगा, जो दो वर्षों तक इकाई के सफल संचालन और नियमित ऋण अदायगी के बाद परियोजना में समायोजित कर दिया जाएगा। आवेदन के समय अभ्यर्थियों को आयु प्रमाण पत्र, हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाणपत्र, फोटो, हस्ताक्षर, जाति प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, बिजली बिल, ग्राम प्रधान, सभासद या नगर निकाय द्वारा जारी निवास संबंधी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा नोटरी द्वारा प्रमाणित शपथ पत्र की प्रति ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी एमएसएमई विभाग के पोर्टल अथवा कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है।

# बाढ़ प्रभावित पलटू का पुरवा पहुंची डीएम व एसपी

## - अधिकारियों को किया अलर्ट, फसल बीमा कैंप लगाने के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आगामी वर्षा ऋतु और संभावित बाढ़ की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्रामसभा पलटू का पुरवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए जनहित से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पलटू का पुरवा स्थित तालाब का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब के किनारे कटान होने के कारण बाढ़ का पानी गांव में प्रवेश कर जाता है, जिससे हर वर्ष लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। इस पर जिलाधिकारी ने आपदा विशेषज्ञ को शासन स्तर पर बजट स्वी.ति के लिए पुनः रिमाइंडर भेजने के निर्देश दिए, ताकि तालाब पर बंधा निर्माण



का कार्य शीघ्र शुरू कराया जा सके और गांव को बाढ़ के खतरे से सुरक्षित किया जा सके। जिलाधिकारी ने .षि विभाग को निर्देशित किया कि किसानों को प्रा.तिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने के लिए फसल बीमा योजना के अंतर्गत अगले दिन ग्रामसभा में विशेष कैंप लगाया जाए और अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने चकबंदी विभाग को भी निर्देश दिए कि ग्रामसभा में भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बारात घर, बाढ़ शरणालय तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय में विकास कार्यों की पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि गांव में कराए गए सभी विकास कार्यों की सूची विद्यालय परिसर में चस्पा कराई जाए, जिससे ग्रामीणों को योजनाओं और खर्च की जानकारी आसानी से मिल सके। इसके अलावा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं का समय से टीकाकरण कराने तथा ग्रामसभा में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और अपने–अपने विभागों से संबंधित तैयारियां समय रहते पूरी कर लें, ताकि बरसात और बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय पांडेय, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुनील कुमार, उपजिलाधिकारी सदर अनामिका श्रीवास्तव, जिला पूर्ति अधिकारी सुनील पुष्कर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बिछड़े दंपति फिर साथ रहने को हुए राजी

## – परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलिंग से सुलझा पारिवारिक विवाद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में संचालित मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत साथ–साथ कार्यक्रम के तहत परिवार परामर्श केंद्र द्वारा एक परिवार को टूटने से बचाते हुए दंपति के बीच सफल सुलह–समझौता कराया गया। परिवारों को जोड़ने और वैवाहिक विवादों का शांतिपूर्ण समाधान कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत मंगलवार को परिवार परामर्श केंद्र में एक प्रकरण की सुनवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक संगीता सिंह एवं महिला आरक्षी अनीता मिश्रा ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी संवाद स्थापित कराया। काउंसलिंग के दौरान दंपति ने अपने वैचारिक मतभेद और मनमुटाव को भुलाकर पुनः एक साथ रहने की सहमति जताई। दोनों ने भविष्य में आपसी समझ और सहयोग से वैवाहिक जीवन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला आरक्षी यशस्वी शर्मा भी मौजूद रहीं। परिवार परामर्श केंद्र की इस पहल को परिजनों ने सराहा और इसे टूटते परिवारों को जोड़ने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास बताया। पुलिस विभाग द्वारा संचालित साथ–साथ कार्यक्रम लगातार पारिवारिक विवादों के समाधान और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# बाइक की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अलियाबाद के समीप खेत में जा रही 60 वर्षीय महिला को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार अलियाबाद गांव निवासी ज्ञान बहादुर सिंह की पत्नी गिरजा देवी अपने खेत जा रही थी। जब वह गांव के समीप सड़क पार करने लगी तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दिया। गंभीर हालत में उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# पति की पिटाई से आहत मां ने दो मासूमों संग खाया जहर, एक बेटे की मौत

## – घरेलू कलह ने उजाड़ा परिवार, मां व पुत्र जिंदगी–मौत से जूझ रहे, कानपुर हैलट रेफर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के घौरहा गांव में मंगलवार सुबह घरेलू विवाद के बाद एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। पति–पत्नी के बीच हुए झगड़े के बाद आहत महिला ने अपने दो मासूम बच्चों के साथ जहरीला पदार्थ खा




लिया। इस दर्दनाक घटना में चार वर्षीय मासूम बेटे की मौत हो गई, जबकि मां और एक वर्षीय पुत्र की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों को बेहतर उपचार के लिए कानपुर हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार घौरहा गांव निवासी रज्जन का मंगलवार सुबह अपनी पत्नी राजरानी (30 वर्ष) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पति द्वारा पत्नी की पिटाई किए जाने की बात सामने आई है। इससे मानसिक रूप से आहत राजरानी ने गुस्से और आवेश में अपने दोनों मासूम बेटों सौरभ (4 वर्ष) और छोटू (1 वर्ष) के साथ जहरीला पदार्थ निगल लिया। कुछ ही देर बाद तीनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में उन्हें बिंदकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सरकारी एंबुलेंस से तीनों को सदर अस्पताल लाया गया, लेकिन यहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने एक वर्षीय मासूम छोटू को मृत घोषित कर दिया। वहीं राजरानी और दूसरे बच्चे की हालत लगातार नाजुक बनी रहने पर चिकित्सकों ने दोनों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंच गई और मृत बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर गांव में फैलते ही मातम छा गया। ग्रामीणों का कहना है कि मामूली घरेलू विवाद ने एक परिवार को बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया। मासूम की मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# राजनीतिक साजिश के तहत दर्ज कराया बिजली चोरी का मुकदमा : आदित्य

## - भाजपा को बदनाम करने व राजनीतिक लाभ लेने के लिए परिवार को बनाया निशाना

## - पूर्व विधायक परिवार पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज होने पर बिफरे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की राजनीति में उस समय नया मोड़ आ गया जब जहानाबाद के पूर्व भाजपा विधायक व स्व0 राजेश पाण्डेय के पुत्र आदित्य पाण्डेय ने अपने परिवार पर दर्ज बिजली चोरी के मुकदमे को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। उन्होंने ऊर्जा राज्यमंत्री को पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। आदित्य पाण्डेय का आरोप है कि कुछ राजनीतिक विरोधियों और विद्युत विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से उन्हें और उनके परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाया गया है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक आदित्य पाण्डेय ने कहा कि 24 मई 2026 को ग्राम कोह स्थित उनके ट्यूबवेल पर विद्युत विभाग की टीम ने छापा मारकर कटिया डालकर बिजली चोरी करने का आरोप लगाया और मुकदमा दर्ज करा दिया, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने दावा किया कि जिस ट्यूबवेल को आधार बनाकर कार्रवाई की गई है, वहां वर्ष 2014 से विधिवत विद्युत कनेक्शन मौजूद था और वर्ष 2017 के बाद ट्यूबवेल का संचालन बंद हो जाने के बावजूद विभाग ने कभी कनेक्शन हटाने की कार्यवाही नहीं की। श्री पाण्डेय ने कहा कि आर्थिक परिस्थितियों और अन्य कारणों से ट्यूबवेल कई वर्षों से बंद पड़ा था। इसके बावजूद अचानक बिजली चोरी का आरोप लगाकर उनके परिवार की छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि रात के समय ट्यूबवेल परिसर में केबल डालकर पूरे मामले को सुनियोजित तरीके से तैयार किया गया और फिर शिकायत के आधार पर कार्रवाई कर दी गई। उन्होंने कहा कि उनकी .षि भूमि उक्त ट्यूबवेल से काफी दूरी पर स्थित है और लगभग 229 बीघा क्षेत्र के बीच से होकर खेत तक पहुंचना पड़ता है। ऐसे में जिस प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं, वे व्यवहारिक और तकनीकी दोनों दृष्टियों से संदेह पैदा करते हैं। उनका कहना है कि यदि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो सच्चाई स्वतः सामने आ जाएगी। पूर्व विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र के कुछ राजनीतिक लोग, जो लंबे समय से उनके परिवार के विरोधी रहे हैं, विभाग में तैनात और छूट प्रदान कर रही है, तब उनके परिवार द्वारा कथित रूप से अवैध कनेक्शन का सहारा लेने का कोई कारण ही नहीं बनता। उन्होंने कहा कि यह



अपने रिश्तेदार अधिकारियों के माध्यम से उन्हें और भारतीय जनता पार्टी को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने और उनकी सक्रियता को रोकने के उद्देश्य से इस प्रकार की कार्रवाई की गई है। श्री पाण्डेय ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब प्रदेश सरकार किसानों को बिजली बिलों में व्यापक राहत मुकदमा तथ्यों से अधिक राजनीतिक दुर्भावना का परिणाम प्रतीत होता है। ऊर्जा राज्यमंत्री को भेजे गए पत्र में मांग की है कि उनके परिवार के खिलाफ दर्ज एफआईआर की स्वतंत्र एजेंसी अथवा उच्चाधिकारियों से जांच कराई जाए। साथ ही यदि किसी अधिकारी या व्यक्ति की भूमिका साजिश में पाई जाती है तो उसके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु 31 तक आवेदन करें हस्तशिल्पी

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के हस्तशिल्पियों के लिए राज्य स्तर पर सम्मान पाने का सुनहरा अवसर आया है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना के तहत पात्र हस्तशिल्पियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस योजना के अंतर्गत उत्.ष्ट कार्य करने वाले शिल्पियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आयुक्त एवं निदेशक उद्योग तथा उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर द्वारा संचालित इस योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक हस्तशिल्पी अपना आवेदन ऑनलाइन पोर्टल पर कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित जानकारी एवं सहायता जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र से प्राप्त की जा सकती है। योजना के तहत प्रदेश में प्रतिवर्ष 20 राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक चयनित हस्तशिल्पी को 35 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। इसके अलावा 20 दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिनके लिए चयनित शिल्पियों को 20 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक के पास हस्तशिल्प पहचान पत्र होना अनिवार्य है। साथ ही उसकी आयु 25 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। संबंधित हस्तशिल्प क्षेत्र में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव भी आवश्यक है। आवेदन के साथ तैयार की गई कला.ति के उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी उपलब्ध करानी होगी।

# प्लम्बरिंग व ब्यूटीशियन ट्रेड में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्रदान करने और स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र द्वारा वर्ष 2026–27 के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय के निर्देशानुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्य पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुरुष अभ्यर्थियों के लिए प्लम्बरिंग ट्रेड तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए ब्यूटीशियन ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण की अवधि कुल चार माह होगी, जिसमें एक माह का सैद्धांतिक तथा तीन माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण शामिल रहेगा। प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रतिभागियों को 5000 रुपये मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी का अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित होना, आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना तथा न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून तक विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के साथ अभ्यर्थियों को फोटो, हस्ताक्षर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, आयु प्रमाण पत्र तथा जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र आबूनगर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने पात्र युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में आवेदन कर योजना का लाभ उठाने और कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने की अपील की है।

# गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करो नहीं तो होगा आंदोलन

## - सीएम के बयान पर अधिवक्ताओं का तीखा प्रहार, गौ संरक्षण पर सरकार नीयत करें स्पष्ट

## - डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन ने केंद्र और



प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव एवं महामंत्री अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में लगातार हो रही गौ हत्याओं तथा गौवंश पर बढ़ते अत्याचार को रोकने के लिए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। इससे न केवल गौ संरक्षण को मजबूती मिलेगी बल्कि गौवंश के प्रति होने वाली क्रूरता पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। ज्ञापन सौंपने के बाद अध्यक्ष बाबू सिंह यादव और महामंत्री अनुराग नारायण उर्फ पुत्तन मिश्र ने संयुक्त रूप से सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हाल ही में दिए गए उस बयान, जिसमें गौ माता को राष्ट्रीय पशु अथवा राष्ट्र माता घोषित किए जाने की आवश्यकता न होने की बात कही गई है, उससे गौभक्तों और सनातन समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह बयान गौ हत्या के प्रति मूक समर्थन के रूप में देखा जा रहा है। बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार के लगभग दस वर्षों के कार्यकाल में गौवंश की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। आज भी सड़कों पर बड़ी संख्या में निराश्रित गौवंश घूम रहा है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है और आए दिन सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में गौ संरक्षण के प्रति गंभीर है तो उसे गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए पहल करनी चाहिए। अधिवक्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जनभावनाओं के अनुरूप इस मांग पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो प्रदेशभर में व्यापक जनजागरण अभियान और आंदोलन चलाया जाएगा। इस मौके पर अधिवक्ताओं में मणि प्रकाश द्विवेदी, वसीम अंसारी, राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, बृजेश कुमार बाजपेयी, असलम शेर खां, कमलेश शुक्ल, रामबाबू गुप्ता, रंजीत पटेल, संजय पांडेय, गणेश तिवारी, फिरोज खान, सतीश शर्मा, नीरव रमन, किरन यादव मौजूद रहे।

# हमलावरों ने महिला समेत पुत्री को पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सनगांव में अपने मायके आई 35 वर्षीय महिला को गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी–डण्डा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंची पुत्री व पिता को भी हमलावरों ने पीट दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के अल्लीपुर गांव निवासी मो0 खुशनूर की पत्नी रुखसाना तीन दिन पूर्व अपने मायके सनगांव आई थी। आज दोपहर लगभग तीन बजे गांव के ही एक दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर लाठी–डण्डा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। बीच–बचाव करने पहुंचे पिता कल्लू व घायल की पुत्री अलशिफा को भी हमलावरों ने पीट दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान पिता कल्लू ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उसकी पुत्री को सईद का पुत्र भगा ले गया था। इसी खुन्नस को लेकर आज उस पर परिवार वालों ने हमला किया है। पिता ने बताया कि सईद, जीशान, रेशमा, कनीज फातिमा, रफीक, टिल्ली, साजिया सहित एक दर्जन लोगों ने खुन्नस को लेकर उन पर जानलेवा हमला किया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )